CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, रविवार 15 फरवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 256 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद पेज 2



भारत- पाक का महामुकाबला आज, बुमराह और कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार होंगे खेल टाइम्स



भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान पेज 11



प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है 'ओ रोमियो' बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में ईडी की कार्रवाई, 100.44 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चल रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी। ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था। ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था।

### भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर बड़ा झूठ फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है।

### मप्र-उप्र, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2डिग्री सेल्सियस और प्रयागराज में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।

## नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो गलियारे को हरी झंडी

- 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किमी लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61-62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा।

## अफसर रिटायर होकर 20 साल पुस्तक प्रकाशित नहीं करा सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित




कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 प्वाइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि, इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 फरवरी को संसद परिसर में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर पहुंचे थे। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमायर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमायर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में राहुल गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली

### आदेश जारी कर सकती है केंद्र सरकार, पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब पर विवाद

पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा कि किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कर कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है। किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा: कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं

गुवाहाटी, वार्ता

- असम दौरे पर पीएम ने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताया
- पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र करते हुए कहा: भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया।

असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को शनिवार को विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए शनिवार को लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही पुलवामा हमले की बरसी है।



### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाइपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बोले कि जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया।

कभी नॉर्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है।

# जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें: सीजेआई

### कॉमनवेल्थ देशों के जजों की बैठक में कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को नुकसान
- CJI ने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है, जो दुनिया के साथ बदलता है।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी, ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी, जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 फीसदी टैरिफ बनाम 0 फीसदी समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। राहुल गांधी बोले- अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल गांधी ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया, अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल, पोस्ट में राहुल गांधी बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने वीडियो में यह भी कहा कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है, जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।

### सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल



# पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

न्यूयॉर्क, वार्ता

- दोषी भारतीय नागरिक ने न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला
- 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा

**खालिस्तानी आतंकी** गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर- फॉर- हायर, मर्डर-फॉर- हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने एक जुलाई 2020 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री, खड़गे ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी।

### एसएससी एमटीएस में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया यूपी तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। इन्होंने प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए।

# शंकराचार्य पर टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव का हमला, वाणी ही खोलती है पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। शंकराचार्य के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग शाब्दिक हिस्सा है और यह पाप की श्रेणी में आता है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वाले के साथ-साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें जवाब देना पड़ेगा। जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। सपा प्रमुख ने महाकुंभ से जुड़े मुद्दों को भी उठाते हुए आरोप लगाया कि मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए और मुआवजे के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि जिन पीड़ितों तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका पैसा कहां गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पर खुद मुकदमे रहे हों, वे दूसरों के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

■ मुआवजा वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई

### भाजपा सरकार तय करेगी, शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** सीएम योगी द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीऔर कहा कि सीएम के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण-पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब बीजेपी या यूपी सरकार यह तय करेगी कि शंक. राचार्य कौन होगा।

# नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सेवातीर्थ व कर्तव्य भवनों में स्थानांतरण की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाए, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाए। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

■ अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी, आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है

## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: योगी

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, किसानों की आय बढ़ेगी

गोरखपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा।



■ आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे, आज दुनिया के सामने पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री

### गलत जांच रिपोर्ट लगाई, तो दर्ज होगी एफआईआर

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय संत समिति

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि कान छिदवाने से और भगवा पहन लेने से कोई योगी नहीं हो जाता। इस बयान पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अखिल भारतीय संत समिति ने अखिलेश के बयान की घोर निंदा की है। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि सपा नेता किसी के साधु, संत या संन्यासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं बांट सकते। शंकराचार्य पद को लेकर जो सवाल हैं, जिनके गुरु के नाम से उच्चतम न्यायालय में केस अभी निर्णय तक नहीं पहुंचा है।

# सुषमा स्वराज ने सत्ता को सेवा के प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपनी विद्वत्ता, शालीनता और ओजस्विता की अमिट छाप छोड़ने वाली 'पद्म विभूषण' से सम्मानित वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का जीवन भारतीय राजनीति में शुचिता, सामर्थ्य और संवेदना की ऐसी त्रिवेणी था, जिसने सत्ता को 'सेवा' के उच्चतम प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा, संवाद और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाोत बनी रहेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और देशवासियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज जन्मदिन है। भले ही वह इस दुनिया में ना हो लेकिन लोगों के मन में आज भी उनकी एक अच्छी छवि है। हरियाणा के अंबाला में जन्मीं सुषमा जी ने 52 दिनों के छोटे कार्यकाल के लिए दिल्ली की सीएम के रूप में काम किया। इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला थीं। । सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को पंजाब द्धअब हरियाणाऋ के अंबाला छावनी में एक ब्राह्मण परिवार में हरदेव शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी देवी के घर हुआ था।

■ योगी ने भाजपा नेता की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 155920
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 242433
प्रति किलो



# एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए जुटाई गई हो। शेष राशि का योगदान राज्य सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जाएगा।

■ यूसीएफ परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये देगी

## सोना और चांदी धड़ाम, दोनों धातुओं की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी खरीदारों के लिए बड़ा मौका है। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। सोना करीब 3 हजार रुपये तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी के दाम 16,700 रुपये कम हो गए हैं। ये लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट है। बुलियन मार्केट में हाजिर सोने का भाव 1.55 लाख रुपये/10 ग्राम से करीब 3,000 रुपये कम होकर 1.52 लाख रुपये/10 ग्राम रह गया है, ये भाव 24 कैरेट गोल्ड का है। दूसरी ओर चांदी के दाम 16 हजार रुपये से ज्यादा गिर गए हैं और इसका भाव 2,59,133 रुपये/किलो से अब 2,42,433 रुपये/किलो हो गया है।

शनिवार को दिल्ली के स्थानीय ज्वैलरी मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,920 रुपये/10 ग्राम के करीब चल रहा है, वहीं ज्वैलरी बनवाने वाले 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,940 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव, 1,55,650 से गिरकर 1,52,765 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। एक किलो चांदी का भाव 16,700 घटकर 2,42,433 हो गया है, जबकि पहले यह 2,59,133 के स्तर पर था। वायदा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

# चावल सस्ता, चीनी हुई महंगी दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गई। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार. चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमें वफादारी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से एक न्यूज एजेंसी के साथ इंटरव्यू में देशभर की राजनीति, संसद सत्र और वंदे मातरम विवाद को लेकर कई बाते कहीं हैं। उन्होंने नो-कॉन्फिडेंस मोशन और लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन पर कहा कि न तो मुझसे पूछा गया और न ही मैंने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर साइन किया। प्रिविलेज मोशन में कुछ भी नहीं है और कुछ नहीं होगा।

उन्होंने वंदे मातरम विवाद पर कहा कि हमारा संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से नहीं, संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। क्या वे राष्ट्रगान खत्म करना चाहते हैं! मेरे धर्म की आजादी का क्या? हमें वफादारी के किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं है। मातरम विवाद संघ और बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कि जिस तरह से बीजेपी और आरएसएस देश को आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक धार्मिक देश बन जाएगा। असम सीएम हेमंता बिस्वा की वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि यह नरसंहार है। अगर मैंने वह वीडियो बनाया होता, तो सोचो देश में क्या होता, कोई उससे सवाल नहीं कर रहा, वह एक ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि अगर वह मियां है, तो उसे 2 रुपये कम दो। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। अब संभल, काशी, मथुरा, मध्य प्रदेश भी खुल गए हैं। जस्टिस जेएस वर्मा ने सही कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम है, लेकिन गलती न करने वाला नहीं है। ओवैसी ने योगी के बयान में



वंदे मातरम् विवाद पर बोले ओवैसी बाबरी पर फैसला गलत था

## कानपुर में कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को औषधि विभाग की ओर से छापेमारी में देवनगर के रहने वाले आरोपी सुमित केसरवानी के अनवरगंज स्थित मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में कोडीन कफ सिरप व अल्पराजोलम टैबलेट्स बरामद की गई थीं। आरोपी पर विभाग की ओर से एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवाइयों की खरीद-बिक्री संबंधी डिजिटल डाटा को डिलीट कर दिया था। संचालक द्वारा कई फर्जी फर्में बनाकर दवाइयों व कोडीन सिरप को जमकर बेचा गया। शहर में कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर दो दिनों पहले ही सारनाथ थाना पुलिस टीम ने कानपुर निवासी मुख्य अभियुक्त विनोद अग्रवाल की 5.18 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया था। इस मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि अब जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, उनसे पूछताछ के बाद इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानका. रियां दी हैं।

# अब यूपी में 25 साल पुराने मकान तोड़कर बनाए सकेंगे अपार्टमेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में 25 साल पुराने जर्जर भवनों और तीन साल से बंद पड़े उद्योगों को तोड़कर उनके स्थान पर हाउसिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने रास्ता साफ कर दिया है। सरकार ने इसके लिए शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत यह प्रोजेक्ट उन्ही मकान और भवन पर लागू होगा, जो 1500 वर्ग मीटर भूमि पर बने हुए होंगे। पहले प्राधिकरण की तरफ से उनका स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि मकान किस स्थिति तक जर्जर हो चुका है। मकान या भवन की स्थिति देखकर प्राधिकरण इसके रीडेवलपमेंट की अनुम. ति दे देगा। हालांकि एकल आवासीय या एकल भवन सरकार के इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे। विकास प्राधिकरणों की तरफ पुनर्विकास योजना का काम खुद करना होगा। सरकार के फैसले के मुता. बिक लीज पर आवंटित भूमि जैसे नजूल भूमि, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और अन्य शासकीय भूमि जिसके फ्री-होल्ड में परिवर्तन नहीं हुआ है, उन्हें भी ऐसे किसी योजना और प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। हालांकि तीन साल से बंद पड़े उद्योग और घाटे में चल रही इकाइयों पर हाउ. सिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने की अनुमति दी जा सकेगी। नॉन कन्फर्मिंग उद्योगों, , शासकीय, निगमों की खाली, कारागार, बस टर्मिनल, डिपो (बस स्टॉप छोड़कर) पर भी ये योजना लागू हो सकेगी। हाउसिंग सोसाइटी और रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी भी सरकार के इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्हें इसमें शामिल होने के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों को आवेदन देना होगा। हालांकि इसके लिए सोसाइटी के दो तिहाई सदस्यों की अनुमति आवश्यक है। अप्रूवल मिलने के 6 महीने के अंदर वहां रहने वालों से घर खाली कराना होगा और 1 साल के अंदर काम शुरू कराना होगा। शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत हो रहे निर्माण काम तो तीन साल के भीतर पूरा करना होगा, ऐसा नहीं होने पर दो साल का विस्तार दे दिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के 10-10 फीसदी मकान बनाने पर शेल्टर फीस में छूट दी जाएगी। इसके अलावा अगर कोई भवन तोड़ा जाता है, उसे फिर से नया बनाया जाता है, तो वहां रहने वालों को दूसरे स्थानों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी या किराया दिया जाएगा। भवन फिर से तैयार होने पर मकान के आवंटन पहले की ही तरह किए जाएंगे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है, तो लॉटरी सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

■ यूपी में जर्जर सोसाइटी का होगा रीडेवलपमेंट
■ शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी

# गांव सौंदत प्रकरण में पुलिस के हाथ खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सौंदत में तीन दिन पूर्व हुई लाखों की नकदी व जेवरात की डकैती में अभी तक पुलिस खाली हाथ है वहीं एसपी देहात ने शनिवार को मौके पर जाकर परि. जनों से बातचीत की तथा शीघ्र ही घटना को खोलने का आश्वासन दिया। पूछताछ के लिए पुलिस ने अनेक युवकों को हिरासत में भी ले रखा है तथा क्षेत्र व गांव के बदमाशों की सूची भी तैयार की जा रही है।

बता दे की शुक्रवार की रात करीब 2:30 बजे ग्राम सौदत निवासी इसरार के मकान में बदमाश घुस गए तथा सेफ व संदूक में रखें 17. 50 लाख रुपए नकद, 10 तोले सोने के आभूषण व 1 किलो चांदी की चीज चोरी कर ली। इसी बीच आवाज सुनकर इसरार की पत्नी अनवरी की आंख खुल गई और वह बदमाशों के पास पहुंच गई तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया तथा फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी तो थाना पुलिस में हड़कंप मच गया थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली तथा उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया लाखों की डकैती की सूचना पर डीआईजी कलानिधि नैथानी एसएसपी अविनाश पांडे, एसपी ट्रैफिक याघवेंद्र मिश्रा सहित एसओजी, क्राइम ब्रांच की

## जल्द खुलासे का दिया आश्वासन

टीम भी मौके पर पहुंची वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी जाकर नमूने लिए डीआईजी ने थाना अध्यक्ष को शीघ्र ही घटना की खुलासा करने की चेता. वनी दी। पीड़ित इसरार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच एसओजी फॉरेंसिस टीम थाना पुलिस लगी हुई है। सोमवार को एसपी देहात अभिजीत सिंह सीओ सदर देहात सुधीर सिंह भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से जानकारी ली तथा ग्रामीणों से भी अलग-अलग बातचीत की गांव में इस तरह की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है ग्रामीणों ने शीघ्र ही घटना के खुलासे की मांग की है। वहीं थाना पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ युवकों को हिरासत में भी लिया है तथा गांव व क्षेत्र के बदमाशों की सूची तैयार कर उनकी भी हिस्ट्री खंगाली जा रही है तथा गांव में लगे सीसीटीवी कैमरो के साथ-साथ आसपास के गांवों व मुख्य मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज आदि से भी देखकर बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। सोमवार को पीड़ित इसरार से मिलने लोगों का तांता लगा रहा सभी लोगों ने पुलिस से घटना के खुलासे व रात में गांव में गश्त कराने की मांग की है।

## द पिनेकल पब्लिक स्कूल में हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** द पिनेकल पब्लिक स्कूल में शनिवार को कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए और छात्रों ने अपने स्कूल के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ।



विद्यार्थियों ने शिक्षा के महत्व पर आधारित लघु नाटिकाएं और प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को जीवन में शिक्षा की अनिवार्यता और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल के प्रबंधक वजाहत गांधी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एकमात्र माध्यम है। गांधी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों को विदाई देते हुए निरंतर आगे बढ़ने और अनुशासन में रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा, जिनमें संजय कुमार, आरिफ, हिमांशु कश्यप, मोंटी कुमार, दानिश खान, दीपक कुमार, मंतशा खान, शबा खान, निदा खान, फैजा खान, सादिया खान, खुशी, गुलाफ्शां खान और मोनिका शामिल रहे।

# पुलवामा के शहीदों को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीजेपी नेता अंकित चौधरी के नेतृत्व में सूरजकुंड पार्क में पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंकित चौधरी ने कहा के यह देश युवाओ का देश है और यहा का युवा वैलेन्टाइन- डे को नहीं मानता 14 फरवरी को जम्मू में जवान शहीद हुए थे जब से भारत में युवा इस दिन को शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दौरान कुल. वीर, सुभाष वर्मा, पंकज शर्मा, सुबोध कुमार आदि लोग रहे।




## पूर्व प्रधान पुरुषोत्तम उपाध्याय के घर सांत्वना देने पहुंचे भाजपाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सनातन धर्म के सच्चे सिपाही के रूप में पहचान रखने वाले दौराला के पूर्व प्रधान रहे पुरुषोत्तम उपाध्याय के निधन के बाद शनिवार उनके घर भाजपा नेता पहुंचे और उन्हें याद किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा, क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, पूर्व विधायक चंद्रवीर सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा सतेंद्र भराला, पूर्व प्रमुख राहुल देव, डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, अमन सिंह, पूर्व प्रधान उपेंद्र सिंह, अजीत विहान, भूपेंद्र अहलावत, प्रदीप पाल, भारत चौधरी, आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीर योजना के चयनित फौजी के प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटने पर स्वागत

## राधना में लगे इंडिया आर्मी जिंदाबाद के नारे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राधना इनायतपुर गांव में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब गांव के होनहार युवक मोहम्मद कमर 10 माह का सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर छुट्टी पर अपने घर लौटे। इंडियन आर्मी की अग्निवीर योजना के तहत चयनित मोहम्मद कमर के गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे गांव में इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारों से माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया।



मोहम्मद कमर का चयन पिछले वर्ष अग्निवीर योजना के अंतर्गत हुआ था। उन्होंने देश के विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों पर अपनी ट्रेनिंग पूरी की, जिसके बाद वे 10 माह बाद पहली बार अपने गांव लौटे हैं। मोहम्मद कमर ने बताया कि उन्होंने यह सफलता अपनी लगन, मेहनत और अनुशासन के बल पर हासिल की है। उन्होंने गांव के युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि यदि वे भी लक्ष्य तय कर पूरी निष्ठा से प्रयास करें तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनका सपना देश सेवा करना था, जो आज पूरा हुआ है। मोहम्मद कमर अपने छह भाइयों में पांचवें स्थान पर हैं। उनके पिता किसान होने के साथ-साथ मस्जिद में इमामत भी करते हैं। इस अवसर पर गांव के प्रधान पद के उम्मीदवार खालिद मुनाजिर, समाज सेवी गय्यूर मुखिया, मास्टर खलीक, मास्टर अब्दुल आहद, मास्टर अब्दुल कादिर, मौलाना मोहम्मद उमर, मुजाहिद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इसके अलावा तकसीर अली, मशकूर अली, मोहम्मद कासिम, आदिल, डॉ. शहजाद, इकराम चौधरी बबलू, मारूफ अली, गोसे आजम और आबाद चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर शुभकामनाएं दीं। युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

# सरधना नगर में रमजान की तैयारियां शुरू, बाजारों में बढ़ी रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पवित्र माह रमजान की आमद को लेकर सरधना नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नगर के बाजारों, मोहल्लों और मस्जिदों के आसपास इन दिनों खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सेहरी और इफ्तार के लिए जरूरी सामान की खरीदारी तेज हो गई है, जिससे बाजारों में रौनक बढ़ गई है।



पुरानी गलियों में हलवाई और कारीगर बड़े कड़ाहों में सेवइयां, फेनी और अन्य पारंपरिक मिठाइयां तैयार करने में जुटे हैं। सुबह से देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी हुई है। इफ्तार के लिए खजूर, फल, बेसन, दही, मसाले और अन्य खाद्य सामग्री की मांग में इजाफा देखा जा रहा है। दुक. ानदारों का कहना है कि रमजान को देखते हुए इस बार पहले से ही स्टॉक बढ़ा लिया गया है, ताकि किसी प्रकार की कमी न हो। मस्जिदों के आसपास अस्थायी स्टॉल लगाने की भी तैयारी चल रही है, जहां रोजेदारों को इफ्तार की सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। वहीं सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए राशन किट तैयार करने में लगी हैं। घरों में साफ सफाई और इबादत की तैयारी शुरू हो चुकी है। बच्चों और युवाओं में रमजान को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। नगर के गणमान्य लोगों ने अपील की है कि पवित्र माह में आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखें। रमजान की दस्तक के साथ ही सरधना नगर का माहौल आध्यात्मिक रंग में रंगने लगा है और हर ओर इबादत व तैयारी की हलचल साफ दिखाई दे रही है।

## देव नागरी महाविद्यालय में द्वितीय इकाई बालक वर्ग का एक दिवसीय शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नागरी महाविद्यालय में द्वितीय इकाई बालक वर्ग के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य डाक्टर अशोक राठी ने किया।

इस मौके पर स्वयं सेवकों ने कॉलेज प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया वहीं नगर में एक रैली निक. ालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित शर्मा ने स्वयंसेवकों को समाज में श्रमदान की भूमिका से अवगत कराया। इस मौके पर डॉ. अनिल त्यागी ने पर्यावरण में पौधों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षक सुमित सिंह, अब्दुल कादिर, करण त्यागी, अभय कुमार, अमन त्यागी, शाहरुख खान आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं स्वयंसेवक संजीव, आकाश, विशाल, रोहित, नाजिम, शिवम, भूपेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तालीम कारवां शिक्षा, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य का संदेश लेकर जुटे शिक्षाविद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** में शाहीन ग्रुप्स ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से तालीम कारवां शीर्षक से एक प्रभावशाली शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा, संस्कार और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन की तिलावत और नात-ए-पाक से हुआ।



स्कूल के संस्थापक इंजीनियर अदनान इकबाल, जफरुल्लाह खान, वाजिद खान और जाकिर खान ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में फाउंडर एवं चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदीर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मुनीर देशमुख (वर्टिकल स्कूलिंग प्रोग्राम हेड), शाहीन एकेडमी मेरठ के चेयरमैन आबिद अली, शाहीन ग्रुप्स के एडमिन मौलाना मरगूब उर रहमान कासमी, शाहीन एकेडमी मुजफ्फरनगर के चेयरमैन मौलाना अकरम नदवी तथा मेहर-ए-आलम खान शामिल रहे। अध्यक्षता रियाज उल उलूम मदरसे के मोहतमिम मौलाना मोईन अख्तर कासमी ने की तथा संचालन देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. अफजाल अहमद ने किया इंजीनियर अदनान इकबाल ने स्वागत भाषण में कहा कि प्रारंभिक स्तर से मजबूत शैक्षिक आधार ही बच्चों की सफलता की कुंजी है। डॉ. मुनीर देशमुख ने वर्टिकल स्कूलिंग प्रणाली को लक्ष्य आधारित शिक्षा का प्रभावी माध्यम बताया। मुख्य अतिथि डॉ. अब्दुल कदीर ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि शिक्षा, नैतिकता और पेशेवर दक्षता का समन्वित वातावरण तैयार करना है। उन्होंने लक्ष्य आधारित शिक्षा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम को सफलता का आधार बताया। अन्य वक्ताओं ने भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उत्तम संस्कार और उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. अफजाल अहमद ने बच्चों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और संतुलित जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संबोधन में मौलाना मोईन अख्तर कासमी ने शिक्षा और सदाचार को जीवन की वास्तविक पहचान बताया। अंत में वाजिद खान ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के संदेश के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## मेडिकल कॉलेज में ग्लूकोमा दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेडिकल कॉलेज के उच्चीकृत नेत्र विभाग द्वारा ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत ग्लूकोमा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश कुमार सिंह के की। उन्होंने बताया कि वर्ष ग्लूकोमा दिवस की थीम फोकस ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एकजुट होना है, जो शीघ्र जांच और जन जागरूकता पर जोर देता है। ग्लूकोमा काला मोतिया दृष्टि का मूक चोर है, जो 90 प्रतिशत मरीजों में बिना लक्षण के अंधेपन का कारण बनता है। ग्लूकोमा से पीड़ित 90 प्रतिशत भारतीयों को पता नहीं होता कि उन्हें यह बीमारी है। यह ऑप्टिक तंत्रिका को नुकसान पहुंचाता है, जिससे दृष्टिहीनता हो सकती है। 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों, पारिवारिक इतिहास वाले व्यक्तियों, और मधुमेह के रोगियों को तुरंत नेत्र जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्लूकोमा काला मोतिया रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने समय पर जांच में उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को नियमित नीति परीक्षण करने तथा नेतृत्व स्वास्थ्य की प्रतीक्षा करने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. जय श्री द्विवेदी, डॉ. प्रियांक गर्ग, डॉ. प्रियंका गोसाई सहित समस्त जूनियर व सीनियर रेजिडेंट, स्टाफ सदस्य, आमजन एवं मरीज उपस्थित रहे।

# डीएवी स्कूल के क्रीड़ा उत्सव में नन्हे कदमों की बड़ी उड़ान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। शनिवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, मेरठ में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए रंगारंग फन रेस प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, खेल भावना और शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। इसके पश्चात् बच्चों के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जैसे सेंटा रेस, बनी रेस तथा बलून रेस आदि। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नन्हे प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में प्रधानाचार्या ने विजेता बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र दिए साथ ही सभी प्रतिभागियों की सराहना की जिससे उनमें आगे बढ़ने की प्रेरणा बनी रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन बच्चों के लिए यादगार और आनंददायक अनुभव सिद्ध हुआ। डॉ. अल्पना शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी, डीएवी, स्कूल यूपी जोन-ए ने नन्हे धावकों को प्रेरणा प्रदान की।






# मेरठ के गांव देहात से खत्म होता कांग्रेस का शोर !

## शहर तक सिमटा हाथ का पंजा, बिना नेतृत्व के कांग्रेस का मेरठ में चुनाव जीतना बना ख्वाब

### मेरठ के इतिहास के सबसे कमजोर वक्त से गुजर रही पार्टी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कभी पूरे देश में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाली कांग्रेस पार्टी आज हर तरफ कमजोर होती दिखाई दे रही है मेरठ की बात करें तो यहां पर कांग्रेस पार्टी कमजोर होने के बावजूद हर विधानसभा में अपने पुराने वोट बैंक के साथ खड़ी हुई दिखाई देती थी। पार्टी का नेतृत्व करने वाले जिला अध्यक्ष और शहर अध्यक्ष हमेशा सत्ता और विपक्ष दोनों की भूमिका में जनहित के मुद्दों के साथ दिखाई देते थे लेकिन बीते समय से मेरठ के इतिहास में कांग्रेस पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है और उसकी सबसे बड़ी वजह कमजोर नेतृत्व दिखाई दे रहा है। मेरठ जनपद के अंदर कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन हो गई है यहां पर हाथ का पंजा सिर्फ शहर और महानगर तक सीमित रह गया है जनहित के मुद्दों को लेकर हर धरना हर प्रदर्शन सिर्फ शहर तक सीमित है। शहर कांग्रेस कमेटी ही जनहित के मुद्दे और पार्टी की नीतियों के अनुसार सड़कों पर दिखाई दे रही है, लेकिन गांव देहात और कस्बो में पार्टी का नेतृत्व खो चुका है एक लंबे समय से पार्टी जनपद में खामोश हो चुकी है लोग धीरे-धीरे पार्टी के पदाधिकारी को भी भूलते



जा रहे हैं और क्षेत्रीय पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के बल पर मजबूत हो रही है जिसके चलते क्रांति धरा पर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह खामोशी अख्तियार कर गई है अब इसे नेतृत्व की कमी न कहे तो क्या कहें! कांग्रेस पार्टी में कुछ लोग ऐसे बैठे हैं जो पार्टी को अपनी बिरादरी और अपने मनमाफिक तरीके से चला रहे हैं जिस पार्टी का आज भी रुतबा दलित मुस्लिम और अन्य समाज में देखने को मिलता है उस समाज के साथ भी यहां के नेता तालमेल बैठाने में कोई रुचि नही दिखा रहे है। मेरठ में कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के बयान और उनके काम के बल पर जिंदा है अगर राहुल गांधी संसद में और अपने बेबाक बयानों और मुद्दों से भटक जाए तो शायद कांग्रेस को मेरठ के कार्यकर्ता ही न भूल जाए फिलहाल तो मेरठ में जिला कांग्रेस न तो फोटो बाजी के साथ दिखाई दे रही है और न कि जनहित के मुद्दों के साथ कहि मौजूद है।

### पार्टी पर नही रहा नेताओ का ध्यान

कांग्रेस पार्टी ही देश में दूसरे विकल्प के रूप में देखी जाती है लेकिन दूसरा विकल्प तभी पहला विकल्प बन सकता है जब पार्टी के वरिष्ठ नेता जनपदों में मजबूती के साथ ईमानदार और मेहनती लोगों को जिलों को चलाने के लिए हकीकत में जमीनी स्तर के नेताओ को चुने लेकिन ऐसा मेरठ में बिल्कुल भी दिखाई नही देता यहां पर कमजोर नेतृत्व पार्टी के लिए नुकसान दायक साबित हो रहा है और ऐसा लग रहा है जैसे पार्टी के बड़े नेता जातिवाद के खातिर अपने कमजोरो को भी हाईकमान के सामने झूठ बोलकर मजबूत दर्शा रहे है और यही इस बात का सबूत है कि पार्टी के नेताओ का भी अब हाथ को मजबूत करने पर कोई ध्यान नही है।

### सड़को पर दिखती गुटबाजी

मेरठ पार्टी में इतनी गुटबाजी शायद ही पहले कभी देखने को मिली है पार्टी हाईकमान दिल्ली से जब पार्टी की नीतियो के अनुसार प्रदर्शन करने या अन्य प्रोग्राम आते है तो उनमें भी मेरठ की शहर टीम ही दिखाई देती है जबकि जिला टीम अधिकतर गायब रहती है खुद जिला अध्यक्ष किसी भी कार्य में ढूंढे दिखाई नही दे रहे है और सड़कों पर पार्टी की गुटबाजी भी साफ दिखाई देती है जिसका नुकसान पार्टी को एक बार फिर झेलना पड़ सकता है।

# वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली रुड़की बाईपास स्थित वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में अभिभावकों को विद्यालय के पाठयक्रम, नवीन व आधुनिकतम शिक्षण शैली व बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. अंजुल गिरी ने किया। सर्वप्रथम अभिभावकों को विद्यालय भ्रमण कराकर विद्यालय में सभी नवीन निर्मित AI Robotic प्रयोगशाला की जानकारी दी गई तथा विद्यालय में अपनाई जाने वाली नवीन शिक्षण प्रक्रियाओं तथा नवीन सुविधाओं से अवगत कराया गया। तत्पश्चात peri-ence Japan Company के डायरेक्टर तथा जापानी भाषा शिक्षक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने जापानी भाषा के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान होने से शिक्षा व रोजगार के अवसर बड़ जाते है। साथ ही साथ चारु डुडेजा व अंशुका गुप्ता द्वारा कक्षा छह से बाहरवीं तक के बच्चों की करियर कॉउंसलिंग का भी आयोजन किया गया। जिससे बच्चों व अभिभावकों को बच्चों का भविष्य में करियर चुनने में सहायता प्राप्त हो। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या संजया वालिया ने बताया कि ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का करियर कॉउंसलिंग से भविष्य का मार्गदर्शन करना, विदेशी भाषाओं के ज्ञान से आत्मनिर्भरता आदि गुणों के विकास में सहायता करना है, साथ ही साथ प्रधानाचार्या ने बताया कि AI Robotic प्रयोगशाला और विदेशी भाषाओं का ज्ञान इत्यादि नवीन शिक्षा प्रणाली व नवीनतम सुविधाओं से बच्चों कि रचनात्मकता तथा भिन्न-भिन्न नवीन क्षमताओं का विकास होता है। प्रधानाचार्या ने ये भी बताया कि हमारे विद्यालय में डे बोर्डिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। हमारे विद्यालय में शिक्षा पद्धति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना तथा तकनीकी युग के अनुरूप दक्ष बनाना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





अवैध सेंट्रल मार्केट प्रकरण

# बंद को लेकर दो फाड़ हुए व्यापारी

## अनिश्चितकालीन बंद की घोषणा होते ही आपस में हुआ जूतम पेजर

**कमर्शियल व्यापारियों ने बनाई धरने से दूरी, खोले अपने प्रतिष्ठान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शनिवार को सेंट्रल मार्किट में बुलाई गई व्यापारियों की बैठक बेनतीजा निकली। व्यापारियों ने अपनी अपनी राय तो रखी मगर वह एक राय होने में नाकाम रहे। इस दौरान जब व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया तो वहीं पर कुछ व्यापारियों ने इसका विरोध कर दिया और इस तरह व्यापारियों में सेंट्रल मार्केट को लेकर दो फाड़ हो गए। सभा के दौरान हंगामा भी हुआ और वहीं पर कमर्शियल कॉम्प्लैक्स के व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोलकर व्यापारी नेताओं को यह बता दिया कि वह उनके बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

गौरतलब है कि बीते 17 दिसंबर 2024 को आवास एवं विकास परिषद की और से कोर्ट में लंबी बहस के बाद आदेश आया था कि अवैध निर्माण तोड़े जाए। सुप्रीम आदेश का पालन करते हुए परिषद ने निर्माण खण्ड-1 की योजना संख्या-7 में भूखण्ड संख्या 661/6 समेत 32 भूखण्डों पर बने अवैध निर्माणों को तोड़ने की तैयारी की थी। इसके लिए एक कंपनी को टेंडर भी दिया और 661/6 पर कार्यवाही की। अभी शेष 31 भूखण्डों व उस जैसे सभी निर्माणों को तोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसी के मद्देनजर परिषद लगातार नोटिस की कार्यवाही पूरी कर रहा है और हर अवैध निर्माणों को चिन्हित किया जा रहा है। इसी के डर से शनिवार को व्यापारियों ने आम सभा की। शुरू में तो सभा ठीक ठाक चली, लेकिन जैसे जैसे समय बीता वैसे-वैसे सभा का माहौल भी बदल गया। जिसके बाद सभा में ही माईक से आवाज उठी कि हमें इस ध्वस्तीकरण से कोई लेना-देना नहीं। फिर क्या था व्यापारियों के दोनो खेमे आमने-सामने आ गए। किसी तरह मामला शांत हुआ लेकिन दूसरा पक्ष बहिष्कार पर ही अड़ा रहा।





### कांग्रेसियों के माईक पकड़ते ही मंच से हटे भाजपाई

इस सभा में भाजपा से कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचा। विपक्ष ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश तो की लेकिन व्यापार संघ के पदाधिकारी बचते हुए दिखे। जैसे ही कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला ने माईक पकड़ा तो दूसरे माईक से सभा को समाप्त की घोषणा कर दी और व्यापार संगठनो के पदाधिकारी मंच छोड़ने लगे लेकिन फिर भी कई कांग्रेस के नेताओं ने अपना भाषण दिया। इस दौरान कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने भी व्यापारियों के हित में अपनी बात रखी।

### भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने बनाई व्यापारियों से दूरी

मेरठ भाजपा का मजदूर गढ़ माना जाता है। यहां पर दक्षिण से भाजपा विधायक ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर है, कैंट से अमित अग्रवाल हैं, राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई हैं, मेरठ के सांसद अरुण गोविल हैं, हस्तिनापुर से जल शक्ति मंत्री दिनेश खटीक हैं। इसी के साथ-साथ भाजपा के कई बड़े नेता मेरठ में हैं लेकिन उसके बावजूद व्यापारियों के जख्मों के मरहम लगाने के लिए शनिवार को कोई भी सेंट्रल मार्केट दिखाई नहीं दिया। जीत मिले या हार नफा हो या नुकसान लेकिन हम भाजपा को वोट देंगे यह कहने वाले भी भाजपा के वोटर आज मायूस दिखाई दिए। कई लोगों का और खास तौर से विपक्ष का कहना था कि भाजपा के नेताओं ने व्यापारियों का सिर्फ इस्तेमाल किया है वोट बैंक से ज्यादा व्यापारी भाजपा की नजर में कुछ नहीं है।

### छोटे व्यापारियों को बलि का बकरा बनाने की योजना पर भी हो रहा काम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल मार्केट में बड़े व्यापारी नए-नए नियम दिखाकर और नई नीति के तहत ध्वस्तीकरण की योजना को अंजाम दिला सकते हैं। जानकारी के अनुसार इस नियम के अंदर छोटे व्यापारी पूरे तरह खत्म हो जाएंगे और बड़े व्यापारी काफी हद तक सेफ हो सकते हैं। हालांकि इस बात की कोई पुष्टि नहीं है लेकिन फिर भी सेंट्रल मार्केट को लेकर यही चर्चा आम हो रही है कि छोटे व्यापारियों को बलि का बकरा बनाकर बड़े व्यापारी अपनी जान बचाने के तरीके ढूंढ रहे हैं।

### जब 661/6 तोड़ा जा रहा था तब कहा थे व्यापारी नेता

व्यापारी प्रेमकुमार व अविनाश ने बंद का बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि जब 661/6 को तोड़ा जा रहा था उस समय ये लोग कहां थे। 661/6 में भी भारी संख्या में किराएदार थे। हम कमर्शियल लैंड पर किराएदार हैं यदि ये अनिश्चितकालीन बंद हुआ तो हमारी रोजी रोटी तो बंद होगी ही और किराया भी हमे ही भुगतना होगा इसीलिए इस बंद से हमारा कोई लेना देना नहीं। हम इस बंद में शामिल नहीं होंगे जिसके बाद व्यापारियों की आपस में नोकझोंक हो गई। एक पक्ष ने डायल 112 पर सूचना दी। जिसके बाद फैंटम पहुंची। किसी तरह मामला शांत हुआ। देर शाम तक एक मंत्री के साथ मीटिंग का दौर चलता रहा।

### व्यापारियों ने कहा मोदी जी दें जवाब




वहीं सभा के दौरान व्यापारियों ने एक बैनर लगाया जिसमें लिखा कि ''मोदी जी जवाब दें क्या? व्यापारी देश छोड़ दें।''

# यह ट्रेड डील नहीं, बल्कि थ्रेट डील है: अंकुश चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में आम आदमी पार्टी के मेरठ जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पुलिस से हलकी फुल्की नोकझोंक भी हुई। पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का कृषि बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोलकर देश के किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया है, इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है। नई ट्रेड डील के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि अमे. रिकी कृषि उत्पादों को भारत में टैक्स फ्री एंट्री देकर देश के करोड़ों किसानों के साथ अन्याय किया गया है। रूस जैसे पुराने मित्र से सस्ता तेल खरीदने के बजाय अमेरिका और वेनेजुएला से 80,000 करोड़ महंगा तेल खरीदने का फैसला किया है। इस भारी खर्च का खामियाजा आम जनता को भुगतना होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ट्रम्प से डर गए है। अमेरिका की धमकियों से डरे पीएम ने आज देश सवाल कर रहा है कि ट्रम्प कौन है जिसकी मजबूरी से देश को कमजोर किया जा रहा है।



# पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्टार अल-फलाह इण्टर कॉलेज के साथ ट्विनिंग/पेयरिंग भ्रमण कार्यकम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शनिवार को पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्टार अल-फलाह इण्टर कॉलेज के साथ ट्विनिंग/पेयरिंग भ्रमण कार्यकम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को वहां के शिक्षकों द्वारा दिशा निर्देश दिए गए तथा बच्चों को नया सीखने के लिये प्रेरित किया गया। पीएम श्री विद्यालय नांगली और बहरोड के छात्र-छात्राओं का पेयरिंग भर्मण कार्यक्रम आज स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। इसमें स्टार अलफलाह के अध्यापक व पीएम श्री विद्यालयों के अध्यापकों के बीच वार्तालाप भी हुई कि बच्चो को कैसे नया सीखने के लिये प्रेरित किया जाये। वहां की छात्र-छात्राओं की पी एम श्री के छात्र-छात्राओं के बीच वार्तालाप हुआ इस दौरान बच्चों को नया सीखने को मिला उनको मोटिवेट करते हुए स्टार अलफला इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर नुसरत सेठ ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सरकार के द्वार बच्चों में पड़ने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये इस तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे है। सरकार अपनी और से शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिये प्रयासरत है।






# डीएन कॉलेज में नौवें भव्य पुरातन छात्र समागम एलुमनी मीट का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शनिवार को डीएन डिग्री कॉलेज में नौवाँ भव्य पुरातन छात्र समागम एलुमनी मीट-2026 का आयोजन अत्यंत गरिमामय, उत्साहपूर्ण एवं भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों न्यायपालिका, प्रशासन, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सेना एवं सामाजिक सेवा में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर चुके सैकड़ों पुरातन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने छात्र जीवन की अमूल्य स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम ने संस्थान की गौरवशाली परंपरा, शैक्षिक उत्कृष्टता और पूर्व छात्रों के सशक्त योगदान को एक मंच पर समाहित करने का कार्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. एस. यादव ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कहा कि डी.एन. कॉलेज की पहचान उसके गौरवशाली पुरातन छात्र हैं, जिनकी उपलब्धियाँ ही संस्थान की वास्तविक धरोहर एवं पूँजी हैं। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों, नवाचार योजनाओं तथा भविष्य की विकास रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर वर्तमान सत्र के 33 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को विभिन्न छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। प्रत्येक छात्र को 5000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय की प्रगति, अनुशासित वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. एस. यादव ने की तथा संचालन एलुमनी एसोसिएशन के यशपाल जांगड़ और प्रो. आभा अवस्थी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।




# शताब्दी पब्लिक स्कूल में भव्य वेल बेबी शो का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** शताब्दी पब्लिक स्कूल में भव्य वेल बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा कौशिक ने प्रबंधन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बहुत सहायक होती हैं, समय समय पर विद्यालय में बच्चों के चारित्रिक विकास के लिए ये प्रतियोगिता आवश्यक हैं। प्रबंधन की ओर से कुसुमलता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया खुर्जा में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** सैन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया खुर्जा में राष्ट्रीय स्तर का मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे किया गया। इस शुभ अवसर पर दूर देहात से आए किसान मित्र एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीडीओ दिनेश यादव, क्षेत्री प्रबंधक मनोज एम, शाखा प्रबंधक अमित राज यादव ने सभा में उपस्थित सभी लोगों को बैंक द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात सभा में उपस्थित लोगों के प्रश्नों का निस्तारण किया, जिसका सभा में आए सभी लोगों ने स्वागत किया।

# शिवभक्तों के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**चेयरमैन व ईओ कर रहे कांवड़तियों की सेवा**

**स्योहारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पूरी तरह शिवमय नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शिवभक्तों और कांवड़ियों की टोलियां भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रहीं श्रद्धालुओं की आस्था और अनुशासन ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इस पावन अवसर पर नगर पालिका ने सेवा समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाले नजर आए। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों को ठंडा पेयजल, फल, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर उनका स्वागत किया तथा यात्रा की मंगलकामना की। नगर पालिका द्वारा पूर्व तैयारी के तहत मुख्य मार्गों, मंदि. रों एवं कांवड़ मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों की धुलाई कर धूल-मिट्टी को नियंत्रित किया गया। रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पेयजल टैंकरों की व्यवस्था के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थायी जलपान केंद्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही नगर में लगाए गए कांवड़ शिविरों में भी पालिका द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। शिवि. रों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शिविरों में कांवड़ियों की धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप काली चुनरिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी भरपूर ध्यान रखा गया ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपने अनुष्ठान संपन्न कर सकें। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना नगर पालिका का कर्तव्य ही नहीं बल्कि सौभाग्य भी है। स्योहारा सदैव भाईचारे और सौहार्द की मिसाल रहा है। धार्मिक अवसर समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और जनता के सहयोग से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं। इस अवसर पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, श्वेत रस्तोगी, मौहम्मद अकरम अल्वी, नईम कुरैशी सहित अन्य सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सीढ़ियों से फिसलकर गिरी छात्रा की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो जाने से परिवार और मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। वही मृतका के पिता को पता चलते ही विदेश से वापस घर लोट आये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासी अबरार अहमद की पुत्री सोनी जो नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा थी। शुक्रवार शाम के समय घर की सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। सीढ़ियां मार्बल की होने के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया और वह लुढ़कते हुए नीचे जा गिरी। परिजनों के अनुसार गिरने के बाद वह उठी और पानी पिया, लेकिन कुछ ही क्षण बाद बेहोश होकर गिर पड़ी। घबराए परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए धामपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोनी तीन भाइयों की इकलौती बहन थी, जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना सऊदी अरब में रह रहे उसके पिता को दी गई।

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
VASTU HOUSING FINANCE
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंडर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**2002 के प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुख्य कार्यालय मुंबई के माध्यम से, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने वीएचएफसीएल से उनके द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और कहा है कि नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स सुविधाएं खराब हो गई हैं, उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, हालांकि वे बिना तामील हुए वापस आ गए हैं और इस प्रकार उन्हें इसके माध्यम से सूचित किया जाता है और उसी के बारे में सार्वजनिक सूचना है।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की तिथि एवं राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
| --- | --- | --- |
| सत्यवीर सिंह (दिवंगत) के सभी कानूनी वारिसों (आवेदक), गीता पत्नी स्वर्गीय श्री सत्यवीर सिंह, सत्यवीर सिंह (दिवंगत) की कानूनी वारिस, गीता (सह-ऋणकर्ता) एलपी0000000270724 | 28 जनवरी 2026 16 जनवरी 2026 तक रु. 1140763/-, ब्याज और अतिरिक्त शुल्क के साथ। | वह सभी पार्सल और भूखंड पर आवासीय मकान मकान जिसका क्षेत्रफल 123.33 वर्ग गज यानी 103.12 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 45 केएच में से, मौजा बटजेबरा परगना, दौराला, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश 250341. उत्तर में- सड़क 37 फीट, दक्षिण में - प्राथमिक विद्यालय की ओर 37 फीट, पूर्व में- राधेश्याम के घर की ओर 30 फीट, पश्चिम में- दिनेश कुमार के घर की ओर 30 फीट। |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करें, अन्यथा 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के अनुसार इस नोटिस की तारीख।
कृपया सूचित रहें कि उक्त नोटिस भी धारा 13(13) के तहत उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित करता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टा/स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

दिनांक: 15.02.2026
स्थान: मेरठ
प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सरकार ने किसानों के हितों को अमेरिका के सामन रखा गिरवी:ओमबीर

## मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मोदी-ट्रंप टेकृड डील के विरोध में आम आदमी पार्टी के पदा. धिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डील की प्रतियां जलाकर विरोध किया। उन्होंने सीडीओ को राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में डील को निरस्त कराने की मांग की।

उनका कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ की गई ट्रेड डील को लेकर देश में गहरी चिंता और व्यापक आशंकाएं है। ट्रेड डील की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों को लेकर न तो संसद को विश्वास में लिया गया है और न ही देश की जनता के समक्ष पूर्ण पारदर्शिता बरती गई है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ भारतीय उद्योग समूहों के विरुद्ध जांच, समन और वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कार्यवाही चल रही हैं। ऐसे समय में जब देश के प्रमुख उद्योग. पति को अमेरिका में समन जारी होने, एप्स्टीन प्रकरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आने की घटनाएं सामने आई हैं, तब मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की समय-संवेदनशीलता और इसके पीछे की प्राथमिकताओं पर स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं। मोदी-ट्रंप ट्रेड डील सामने आई है, तो स्पष्ट किया जाए कि कहीं यह डील भी किसी विशेष उद्योग समूह को लाभ पहुंचाने की मंशा से तो नहीं की गई। सरकार ने देश के करोड़ों किसानों के हितों को अमेरिका के सामने गिरवी रख दिया है। इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स वसूलेगा। भारत का कृषि बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया है, जिन्हें वहां लगखाग 80 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। सब्सिडी के अभाव में किसान उनसे कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा। इस डील में कुछ चुनिंदा वस्तुओं के साथ और अन्य उत्पाद जैसे शब्द जोड़कर भविष्य में और अधिक क्षेत्रों को खोलने की गुंजाइश रखी गई है, जिससे देश की आर्थिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा दोनों पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। किसानों, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों, युवाओं और मध्यम वर्ग पर इस ट्रेड डील का क्या प्रभाव पड़ेगा इस पर कोई संसदीय चर्चा नही की गई है। डील भारतीय बाजार को असंतुलित तरीके से विदेशी हितों के लिए खोलती है, तो इसका सीधा दुष्प्रभाव कृषि, रोजगार और स्थानीय उद्योगों पर पड़ेगा। यह केवल आर्थिक समझौता नहीं बल्कि देश की आत्मनिर्भारता और कृषि संरचना पर प्रहार है। इससे छोटे किसानों की आय पर असर पड़ेगा और स्थानीय बाजार विदेशी कंपनियों के लिए खोलने पर आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ेगा। उन्होंने जिला मुख्यालयों पर मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर आक्रोश जताया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ओमबीर सिंह, सचिन तोमर, सन्नी चौधरी, बंटी प्रमुख, वसीम खाारती, जुबेर खान, गोपीचंद, राज. ेंद्र सिंह, अनुज चौधरी, एडवोकेट अजित सिंह, नौशाद खान, मनोज कुमार, आकाश राणा, संसार सिंह मौजूद रहे।



## जंगल में नलकूपों से हजारों की चोरी, किसानों ने की खुलासे की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नंगलाबड़ी और तिगरी के जगंल से अज्ञात चोरो ने चार नलक. ूपों पर धावा बोल हजारों रूपये का समान चोरी कर ले गये। पीड़ित किसानों नें प्रर्दशन करते हुए चोरी के खुलासे की मांग की है।

नलकूपो पर चोरी का सिलसिला पिछले दो वर्षो से रटौल क्षैत्र में अलग अलग स्थानों पर चोर नलक. ूपों पर धावा बोल रहे है, कभी ढिकोली गांव के जगंल मे कभी ललियाना के जगंल में 12 फरवरी की रात नगलाबड़ी गांव के जगंल में सुखपाल, मोनू, प्रदीप, राममेहर, हरि आदि के नलकूपों पर धावा बोल चोर हजारों का समान चोरी कर ले गये। वही तिगरी गांव के रामदेव के नलकूप से भी चोर हजारों का समान चोरी कर ले गये। नलकूपों पर चोरी के बाद किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है जिससे लेकर किसानों ने प्रर्दशन करते हुए चोरी की घटना का खुला. सा कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में सनोज, रामबीर, रधुनाथ, मनोज, नरेन्द्र, सतीश, राममेहर आदि मौजूद रहे।

## स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट देवेंद्र सिंह पंवार, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस में बालक वर्ग में सीनियर वर्ग में अनिकेत प्रथम, ईशान द्वितीय तथा आशु तृतीय रहे। बालिका वर्ग में निक्की पंवार प्रथम, काकुल शर्मा द्वितीय तथा शालू तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर बालक वर्ग में राज प्रथम, हरदीप द्वितीय तथा विनीत तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में हिमिका सरोहा प्रथम, सिया द्वितीय तथा दिशा पंवार तृतीय स्थान पर रहे। एडवोकेट देवेंद्र सिंह, चेयरमैन धर्मेन्द्र शर्मा तथा प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने सभी विजेताओं को मेडल तथा ट्राफी देकर पुरस्कृत किया।




इस अवसर पर माधवी शर्मा, सुरेखा तोमर, संजय शर्मा, नीतू चौधरी, सरिता रानी, दिव्या शर्मा, अंजू शर्मा, शालिनी, अंशु, प्रीति दहिया, स्नेहा शर्मा आदि का सहयोग रहा। प्रतियोगिता पी टी आई सचिन पंवार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

## थाना समाधान दिवस में नहीं पहुंचा कोई फरियादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लेखपाल उपस्थित रहे। इसका उद्देश्य जनता की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण करना था।

हालांकि, निर्धारित समय तक कोई भी फरियादी अपनी समस्या लेकर थाना परिसर नहीं पहुंचा। अधिकारियों ने दोपहर करीब 2 बजे तक इंतजार किया, लेकिन एक भी शिकायत दर्ज नहीं की गई। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य से पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम पूरी तैयारी के साथ मौजूद थी। थाना प्रभारी केंतुरा ने यह भी कहा कि भविष्य में यदि कोई शिकायत आती है, तो उसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए समाधान दिवस का लाभ उठाएं, ताकि मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा हो सके।



## एक नजर

### 31 मार्च को समाप्त हो जाएगी 170 आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में सेवा प्रदात्ता की ओर से कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा 31 मार्च को समाप्त कर दी जाएगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए है। विद्यालय के प्रधानाचार्य से विद्यालय में कोई भी आउट सोर्सिंग कर्मचारी नहीं है का प्रमाण पत्र लिया जाएगा। 31 मार्च के उपरांत विद्यालय में आउट सोर्स से नियुक्त कर्मचारी से सेवा लिए जाने पर उसके पारिश्रमिक का भुगतान प्रधानाचार्य को अपने निजी स्रोत से करना होगा।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में व्यवस्थाएं सुधारने के लिए आउट सोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। जिले के 71 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 170 कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। अब इन कर्मचारियों की नियुक्ति समाप्त करने की तैयारी शुरू हो गई है, इस संबंध में शासन ने निर्देश जारी कर दिए है। शासन ने अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की 31 मार्च को सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के उपरांत विद्यालयों से प्रधानाचार्य से 31 मार्च के बाद किसी भी दशा मे सेवा न ली जाए और इस संबंध में उनसे प्रमाण पत्र भी लिया जाए। 31 मार्च के बाद विद्यालयों मे आउट सोर्सिंग कर्मचारियों से सेवा लेने पर उनके पारिश्रमिक का भुगतान प्रधानाचार्य को अपने स्तर से करना होगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य को अवगत कराकर निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए है।

## विद्युत विभाग कर रहा बड़े हादसे का इंतजार, नहीं हो रहा कोई समाधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शहर में 132 केवी हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों के नीचे विजय नगर-दो कॉलोनी बस गई है। इन कॉलोनी में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। शायद विद्युत विभाग भी हादसे का इंतजार कर रहा है। कॉलोनी के लोग कई बार शिकायत भी कर चुके हैं मगर समस्या का आज तक भी समाधान नहीं हो पाया लोगों ने विद्युत टावरों को अपने घरों के अंदर ले लिया। नए मकानों के निर्माण का सिल. सिला जारी है। विद्युत पारेषण खंड के अधिकारी पत्राचार कर अपने कर्तव्य की इतिश्री तो कर रहे हैं, लेकिन पूरा का पूरा सिस्टम इस ओर से आंख मूंदे बैठा है। सवाल यह है कि एक लाख 32 हजार वोल्ट वाली लाइन के नीचे रहने वाले लोगों के साथ कोई हादसा हो गया तो जिम्मेदारी कौन लेगा? वर्ष 1973 में सराय बाईपास पर विद्युत पारेषण खंड बना था, जहां से 132 केवी हाई वोल्टेज की लाइनें जा रही हैं। यानी 53 साल पहले खंड के आसपास ही नहीं बल्कि दूरदराज कोई कालोनी अस्तित्व में नहीं थी, लेकिन सात-आठ साल में खंड से सटाकर कालोनी बनाई गई थी, जिसका नाम विजय नगर-दो दिया गया था। इस कॉलोनी में अब कई सौ मकान बन चुके हैं, जिनमें से अधिकांश हाई वोल्टेज लाइन के नीचे आ रहे हैं। कई लोगों ने विद्युत टावरों को अपने घरों में ले लिया है तो कई ने टावरों के एंगल को दीवारों के बीच ले लिया है। हाई वोल्टेज लाइन के नीचे बे-रोकटोक के लोग रह रहे हैं। बच्चे भी इसी लाइन के नीचे बैठकर पढ़ते हैं। खतरों से अनजान लोग, बेपरवाह अधिकारी हाई वोल्टेज विद्युत लाइनों के नीचे रहने वाले लोग करंट आदि के खतरों से अनजान हैं। विद्युत लाइन में स्पार्किंग के दौरान लोगों की जान को खतरा बना रहता है। विद्युत लाइन टूट भी सकती है और जो घरों पर गिर सकती है। बरसात में मकानों में करंट उतर सकता है। उधर, इस बाबत जानकारी होने के बावजूद पुलिस-प्रशासन और दूसरे विभागों के अधिकारी अनजान रहते हैं। यह है नियम भवन निर्माण के संबंध में नियम यह है कि 400 केवी टावर और विद्युत लाइन से 26 मीटर, 200 केवी के टावर और विद्युत लाइन से 17 मीटर और 132 केवी के टावर और विद्युत के बीच से 13 मीटर तक निर्माण कार्य होने पर प्रतिबंध है। यानी टावर और विद्युत लाइन के बीच से निर्धारित मीटर की दूरी पर ही निर्माण होना चाहिए, लेकिन यहां नियमों का उल्लंघन हो रहा है।



## सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हमीदाबाद उर्फ नयागांव स्थित हाइवे पर देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक नीलगाय से टकरा गई थी।

जानकारी के अनुसार, तीनों युवक कस्बा टटीरी क्षेत्र से एक ही बाइक पर सवार होकर बागपत की ओर जा रहे थे। हमीदाबाद उर्फ नयागांव के पास अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई, जिससे उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और तीनों युवक दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायलों को संभाला और उनके परिजनों तथा पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि तीनों को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर नीलगाय और अन्य जंगली पशु अचानक सड़क पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाइवे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने, चेतावनी संकेतक लगाने और वन विभाग से पशुओं की आवाजाही रोकने के लिए उपाय करने की मांग की है।

## गोरखनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने पुजारी का लिया आशीर्वाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जन जाति पिछडा आयोग के समाज कल्याण के राज्य मंत्री असीम अरुण ने मोजिजाबाद नागंल में स्थित गोरखनाथ मंदिर में जाकर दर्शन कर मंदिर के पुजारी माहाराज अर्जुन नाथ का आशीर्वाद लिया ओर मंदिर के सोंदर्य कर्ण को निहारते हुए चारो तरफ परिक्रमा के बाद मंत्री अरुण असीम ने कहा कि मुझे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस योग्य समझा कि मुझे अनुस. ूचित जाति जन जाति पिछडा आयोग समाज कल्याण मंत्री का भार सोंपा है। मै मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का आभार व्यक्त करता हूँ उन्ही के सौभाग्य से मुझे आज मोजिजाबाद नागंल में बने गोरखनाथ मंदिर पहुंच गुरु गोरखनाथ के दर्शन करने व मंदिर के पुजारी माहाराज अर्जुन नाथ का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कहा कि गुरु गोरखनाथ आध्यात्मिक गुरु थे जिनके मंदिर पहुंच मुझे उनके दर्शन करने व पुजारी का आशीर्वाद मिला। कहा कि मेरे कंधों पर जो भार अनुसूचित जाति व जनजाति पिछडा आयोग समाज कल्याण मंत्री बनाने का जो जिम्मा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सोंपा है उसे मे रात दिन मेहनत करके समाज के अनुसूचित जाति जन जाति पिछडे समाज का विकास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उनके लिए मैं चोबिस घंटे तैयार रहूँगा। इस मोके पर बिनौली ब्लाक प्रमुख चिकु तोमर, ग्राम प्रधान बिजेद्रं पंवार, मोहित मुखिया, बालेंदर पंवार, ऋषिपाल, सुबोध कुमार, हरिष, मनोज कुमार, प्रेमपाल सिंह, महेश कुमार नीटू मुखिया, राजपाल सिंह आदि मोजूद रहे।

## आगामी चुनाव और मजबूती के लिए होगा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लखनऊ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन शनिवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद, पार्टी द्वारा बचे हुए जिला अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी और जिलों की टीमों का गठन किया जाएगा। प्रदेश प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिसमें जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता के निर्माण के लिए पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण अभियान में जिले की टोली जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के साथ जिला महामंत्री सरिता चौधरी, युवा मोर्चा जिला संयोजक अक्षय चौधरी, एससी मोर्चा जिला संयोजक आत्मराम मौर्य लखनऊ प्रशिक्षण में पहुंची। इस प्रशिक्षण अभियान का उद्देश्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को मजबूत करना और उन्हें आगामी चुनावों के लिए तैयार करना है। भाजपा ने जनपद बागपत में भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए संयोजक और सहसंयोजक बनाए हैं, मंडल स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी संयोजक सहसंयोजक बना दिए गए हैं।



## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अखिलभारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक बैठक जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा के बड़ौत स्थित कार्यलय पर की गई।

बैठक का मुख्य विषय था 2 दिन पहले ग्राम मेहनवा में बहुत दर्दनाक घटना घटित हुई जिसमें समाज की बेटी दुर्गेश देवी की दर्दनाक हत्या कर दी गयी और अभी तक पुलिस ने इस पर कोई कार्यवाही नही की है। बैठक में मेरठ से शिरकत करने आये युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने कहा कि सोमवार को एसपी बागपत से मुलाकात कर इस मुद्दे पर कार्यवाही की मांग की जाएगी, अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि बागपत का समस्त ब्राह्मण समाज, शोक संतप्त परिवार के साथ है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। संरक्षक पँ. घनश्याम शर्मा ने बताया कि अगर, 2 दिन में पुलिस ने दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही नही की तोआगामी 18 फरवरी को बड़ौत में आयोजित होने वाले ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन में ये मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया जायेगा और लड़ाई लड़ने तक शांत नही बैठेंगे। प्रदेश सचिव लोकेश वत्स, जिला महामंत्री अमित भारद्वाज, संगठन प्रभारी दीपक शर्मा, सिंघवली अहीर से रोहित शर्मा आदि पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



## बैनहर गुरुकुल के नन्हे- मुन्नो ने भगवान शिव और पार्वती का रूप धारण कर मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बैनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड केंपस में कक्षा प्री नर्सरी से केजी तक के सभी बच्चे भगवान शिव और मां पार्वती के स्वरूपद्द में विद्याल आए। इस उपलक्ष्य पर अथर्व दीक्षित,तनिष्का वर्मा एवं सानिध्य सूर्यवंशी भगवान शिव के स्वरूप में आएद्द व तांडव नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त विधि राठौर, हर्षिता यादव, स्मृति भट्ट, मां पार्वती के स्वरूप में और श्रेया फातिमा, गुरदक्ष ने नंदी के स्वरूप में लघु नाटिका प्रस्तुत की । विद्यालय की संस्थापिका रंजीत कौर सैहमी , मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, डायरेक्टर डॉ. परविंदर सिंह सैहमी ने बच्चों के स्वरूपों की प्रशंसा की व सभी को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी। इसके अलावा कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में' फ्रूट्स डे' यानी फल महोत्सव भी मनाया गया। विद्यालय के सभी बच्चे अपने साथ पसंदीदा फलों को लेकर आए थे। सभी बच्चों ने सामूहिक रूप से विद्यालय प्रांगण में एकत्र होकर फलों का सेवन किया और यह संदेश दिया कि जंक फूड की अपेक्षा फलों का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ.निर्मल कौर ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के फलों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की भी जानकारी दी।

## शिव भक्तों द्वारा शिवलिंग पर अर्पित जल व्यर्थ न जाए:जिलाधिकारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फाल्गुन मास की महा. शिवरात्रि के अवसर पर परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में एक अनूठी पहल की गई। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने सुनिश्चित किया कि शिव भक्तों द्वारा शिव. लिंग पर अर्पित जल व्यर्थ न जाए।

इस पवित्र जल को संरक्षित कर पशु-पक्षियों, कुत्तों और उन गौशालाओं तक पहुंचाया जा रहा है, जहाँ बेसहारा गोवंश रहते हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का भी उदाहरण प्रस्तुत करती है। डीएम अस्मिता लाल ने मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा, भोलेनाथ की आराधना के साथ प्रकृति और प्राणी मात्र की सेवा ही सच्ची भक्ति है। जिलाधिकारी की यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और जीवों के प्रति प्रेम भी उतना ही आवश्यक है।

**सूचना**

मेरे पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री क्षमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

बुद्धप्रकाश पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम रन्छाड़ थाना बिनौली जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरा शस्त्र लाइसेन्स संख्या-640/थाना बागपत दौनली बन्दूक संख्या 8764 ए/2 बना है जिसकी सीमा समस्त उत्तर प्रदेश है जोकि वास्तव में कही खो गया है।

कृष्णकुमार पुत्र मथन सिंह निवासी अग्रवाल मण्डी टटीरी थाना व जनपद बागपत।

# 'जल अर्पण दिवस' का भव्य आयोजन

## अरुण गोविल ने जल संरक्षण का दिया संकल्प, 'हर घर जल' को बताया जनभागीदारी का उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के ग्राम हिमायूंपुर सांवी में 'जल अर्पण दिवस' के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद और 'राम' की भूमिका से घर-घर में प्रसिद्ध अरुण गोविल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति ने जल संरक्षण को जनांदोलन बनाने का संदेश दिया। सांसद गोविल ने कहा कि नल से जल की सुविधा केवल एक योजना नहीं, बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने ग्राम पंचायतों और समुदायों को जल स्रोतों के संरक्षण, रखरखाव और जिम्मेदार उपयोग के लिए आगे आने का आहवान किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल की बर्बादी रोकें और आने वाली पीढ़ियों के लिए अमृत समान जल सुरक्षित रखें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने देश के जल प्रबंधन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के 'हर घर जल' संकल्प ने गांवों में जीवन की गुणवत्ता को नई दिशा दी है। समारोह में मौजूद लोगों ने जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया और ग्राम स्तर पर जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा जताया। सांसद अरुण गोविल ने कहा कि जल जीवन का आधार है और जल का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान है। आज हिमायूंपुर सांवी की धरती पर 'जल अर्पण दिवस' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जागरूकता का महापर्व बन गया है। हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचना हमारे गांवों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समृद्धि से सीधा जुड़ा हुआ है। लेकिन नल से जल मिलने के साथ हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है जल स्रोतों का संरक्षण, पाइपलाइन और टंकियों का



नियमित रखरखाव, और सबसे बढ़कर जल का विवेकपूर्ण उपयोग। मैं अपने सभी ग्रामवासियों से आग्रह करता हूँ कि वर्षा जल संचयन को अपनाएँ, परंपरागत जल स्रोतों कुओं, तालाबों को पुनर्जीवित करें और पानी की एक-एक बूंद का मूल्य समझें। यह योजना तभी सफल होगी जब सरकार, ग्राम पंचायत और जनता मिलकर इसे जनभागीदारी का अभियान बनाएँ। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी जल संरक्षण के लिए चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। सांसद की उपस्थिति से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा और जल संरक्षण को लेकर नए संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# मनचलों के हौसले बुलंद, छात्रा से छेड़छाड़ की कोशिश सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ गेट इलाके में ट्यूशन पढ़ने जा रही एक छात्रा से छेड़छाड़ और जबरन खींचने की कोशिश का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, जिसका वीडियो सामने आते ही सुरक्षा व्यवस्था और मनचलों पर लगाम को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार, छात्रा अपनी दो सहेलियों के साथ रोज की तरह ट्यूशन के लिए जा रही थी। शुक्रवार को एक सुनसान गली में पहले से मौजूद युवक ने अचानक उसका हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया। छात्रा ने साहस दिखाते हुए जोर से शोर मचाया और खुद को छुड़ाने की कोशिश की। आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना ने एक बार फिर यह चिंता बढ़ा दी है कि लगातार कार्रवाई के दावों के बावजूद मनचलों के हौसले कम नहीं हो रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों और सुनसान गलियों में ऐसी घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देती हैं और मनचलों में पुलिस का खौफ कम नजर आता है। छात्राओं और अभिभावकों में भी असुरक्षा की भावना देखी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय ने बताया कि वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तेज करने की बात भी कही है।

# टायर जलाकर तेल बनाने वाली फैक्ट्री पर बवाल, प्रदूषण से बीमारियों का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक क्षेत्र के पीरनगर गांव के निकट संचालित टायर जलाकर तेल निकालने वाली फैक्ट्री को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया है। फैक्ट्री से निकलने वाले घने धुएं और दुर्गंध से स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र प्रशासन को सौंपा और इकाई को तत्काल बंद कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री से उठने वाला धुआं आसपास के आबादी वाले क्षेत्रों तक फैलता है, जिससे सांस संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। गांव के लोगों ने आरोप लगाया कि इकाई बिना जरूरी स्वीकृतियों के संचालित की जा रही है और पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। ग्राम प्रधान संदीप उर्फ पिंटू गुर्जर के अनुसार फैक्ट्री गांव के खसरा नंबर 66 की लगभग 2.740 हेक्टेयर भूमि पर चल रही है, जहां पुराने टायरों को जलाकर उनसे तेल निकाला जाता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संचालकों ने प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त नहीं किया और आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं भी पूरी नहीं कीं। लोगों का कहना है कि अवैध रूप से चल रही यह गतिविधि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। फैक्ट्री के पास स्थित दो प्रमुख मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालु आते हैं, जिससे धार्मिक आस्था और



वातावरण दोनों प्रभावित हो रहे हैं। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। संबंधित एसडीएम और प्रदूषण विभाग को अवगत करा दिया गया है तथा तथ्यों की जांच के लिए टीम गठित की जा रही है। दस्तावेजों की पड़ताल और स्थल निरीक्षण के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# दिव्यांग की पुकार पर तुरंत कार्रवाई, समाधान दिवस में पुलिस ने दिल जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस की मानवीय और त्वरित कार्यशैली की सराहनीय मिसाल सामने आई। अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए कई दिनों से भटक रहे एक दिव्यांग व्यक्ति को समाधान दिवस में ही राहत मिल गई। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने पीड़ित की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया और मौके पर ही पीएम रिपोर्ट उपलब्ध करा दी।

समाधान दिवस में पहुंचे दिव्यांग व्यक्ति ने बताया कि पत्नी के निधन के बाद जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं के लिए उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट की आवश्यकता थी, लेकिन प्रयासों के बावजूद रिपोर्ट नहीं मिल पा रही थी। परेशान होकर वह न्याय की उम्मीद लेकर थाना समाधान दिवस में पहुंचा। थाना प्रभारी ने उसकी बात धैर्यपूर्वक सुनी, आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि कराई और संबंधित कार्यालय से तत्काल संपर्क कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई। रिपोर्ट हाथ में मिलते ही पीड़ित के चेहरे पर संतोष और राहत साफ दिखाई दी। उपस्थित लोगों ने भी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की। थाना प्रभारी ने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य ही आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर उन्हें त्वरित राहत देना है, विशेषकर उन लोगों को जो किसी कारणवश दफ्तरों के चक्कर नहीं लगा पाते। इस पहल से न केवल एक जरूरतमंद को राहत



मिली, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ। क्षेत्र में थाना हापुड़ देहात की इस संवेदनशील कार्यशैली की व्यापक सराहना हो रही है और समाधान दिवस को प्रभावी मंच के रूप में देखा जा रहा है, जहां प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है।

# सीएचसी में टीबी जागरूकता अभियान, छात्रों का नुक्कड़ नाटक सराहा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलाना में क्षय रोग जागरूकता अभियान चलाया गया।पिलखुवा स्थित जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग और फार्मेसी के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को टीबी के लक्षणों और उपचार के प्रति जागरूक किया।



नाटक में छात्रों ने लगातार दो-तीन सप्ताह से खांसी, खून आना, कमजोरी, बुखार और वजन कम होना जैसे लक्षणों को टीबी के संकेत बताते हुए तुरंत जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि टीबी बैक्टीरिया से होने वाली बीमारी है, जिसका छह माह तक नियमित दवा लेने से पूरी तरह इलाज संभव है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और दवा मुफ्त उपलब्ध है। साथ ही सरकार द्वारा मरीजों को पोषण सहायता के रूप में प्रतिमाह 500 रुपये भी दिए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने टीबी विषय पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता में भी भाग लिया। सीएचसी प्रभारी डा. रोहित मनोहर सिंह ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जागरूकता ही क्षय रोग की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित करने पर जोर दिया।

# हापुड़ में स्विफ्ट कार 'चोरी' का खुलासा, फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्ती की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के फी गंज रोड पर खड़ी स्विफ्ट कार के अचानक गायब होने से कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस की शुरुआती जांच में मामला चोरी के बजाय फाइनेंस कंपनी द्वारा जब्ती का प्रतीत हो रहा है।

जानकारी के अनुसार फी गंज रोड स्थित एपेक्स जिम में कसरत करने पहुंचे दुष्यंत शर्मा ने अपनी स्विफ्ट कार सड़क किनारे पैंटालून स्टोर के नीचे पार्क की थी। जिम से लौटने पर उन्होंने देखा कि जहां कार खड़ी की थी, वहां वाहन मौजूद नहीं था। कार गायब मिलने पर उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दुष्यंत शर्मा जिम में जाते दिखाई



दिए, जबकि कार के संबंध में संदिग्ध गतिविधि स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस ने सभी पहलुओं की जांच करते हुए संबंधित एचडीएफसी फाइनेंस से संपर्क किया। जांच के दौरान जानकारी मिली कि वाहन फाइनेंस पर लिया गया था और बकाया किस्त जमा करने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया था। निर्धारित समय तक किस्त जमा न होने के कारण फाइनेंस कंपनी द्वारा वाहन जब्त किए जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है और सभी तथ्यों की पुष्टि की जा रही है।

## एक नजर

### हापुड़ में साइबर ठगों पर पुलिस का वार, रोडवेज चालक के 28 हजार रुपये कराए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में साइबर ठगी का शिकार बने एक रोडवेज बस चालक को पुलिस ने बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की सक्रियता और साइबर टीम के सतत प्रयासों से पीड़ित के खाते से निकाली गई 28 हजार रुपये की पूरी धनराशि वापस करा दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चितौली निवासी सुदेश पुत्र मेघ सिंह, जो पेशे से रोडवेज बस चालक हैं, दिनांक 27 जनवरी 2026 को साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। अज्ञात साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से 28 हजार रुपये की रकम निकाल ली। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने थाना हाफिजपुर में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की। थाना हाफिजपुर की साइबर टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ठगी से संबंधित खातों का पता लगाते हुए लगातार प्रयास किए। पुलिस की त्वरित कार्रवाई का परिणाम रहा कि 14 फरवरी 2026 को पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि वापस करा दी गई।

### गोवर्धन में चोरों ने दुकान की छत तोड़ कर पांच लाख की नकदी ले उड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद के गोवर्धन में चोरों ने बर्तन की दुकान की छत तोड़ डाली। चोर दुकान से पांच लाख की नकदी और लैपटॉप चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह हो सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। दुकान मालिक राजेश गुप्ता के अनुसार बीती रात अज्ञात चोरों ने बंद दुकान का की छत तोड़कर अंदर घुसपैठ की और करीब 5 लाख रुपये नकद तथा एक लैपटॉप चुरा ले गए। सुबह जब राजेश गुप्ता दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्हें छत टूटी मिली और पैसे गायब मिले। चोर अपने साथ सीसीटीवी की हार्ड डिस्क भी ले गए। उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस और 112 इमरजेंसी को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने लिखित तहरीर दी है, जिसके आधार पर थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। थाना प्रभारी भगवत सिंह गुर्जर ने बताया कि अज्ञात चोरों की तलाश जारी है और जल्द ही मामले को सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गोवर्धन क्षेत्र में हाल के महीनों में चोरी की कुछ अन्य घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### बरसाना के सुदामा चौक को मिली 'मुक्ति', सालों पुराना अतिक्रमण ढहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धान।** विश्वविख्यात लठामार होली से पहले प्रशासन का सबसे बड़ा फोकस इस बार बरसाना के हृदय स्थल सुदामा चौक पर रहा। वर्षों से अतिक्रमण के बोझ तले कराहता यह चौक आखिरकार आधी रात चली जेसीबी की गर्जना के साथ 'मुक्त' हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और परिक्रमा मार्ग के दबाव के कारण सुदामा चौक लंबे समय से संकरा हो चुका था। नालियों से बाहर निकले चबूतरे, दुकानों के बढ़े छज्जे, अवैध शोकेस और बाउंड्रीवाल के कारण यहां हर पर्व पर जाम और धक्का मुक्की की स्थिति बनती थी। स्थानीय लोग भी वर्षों से समाधान की मांग कर रहे थे, लेकिन कार्रवाई टलती रही। शुक्रवार देर रात प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दो किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, जिसमें सुदामा चौक केंद्र में रहा। एसडीएम गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी के नेतृत्व में सीओ अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी डॉ. कल्पना बाजपेयी और थाना प्रभारी अश्वनी कुमार की मौजूदगी में बुलडोजर ने सुदामा चौक से नया बस स्टैंड तक अतिक्रमण पर सीधा प्रहार किया।

#### श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

सुदामा चौक बरसाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख मार्ग है। लठामार होली के दौरान यहां हजारों की भीड़ उमड़ती है। पिछले वर्षों में जाम और अव्यवस्था प्रशासन के लिए चुनौती बनी रही। ऐसे में चौक को अतिक्रमण मुक्त कर प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि इस बार व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा। मौके पर मौजूद कई स्थानीय नागरिकों ने एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी के इस निर्णय की सराहना की और कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान आखिरकार हुआ। एसडीएम प्राजक्ता त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि 20 फरवरी तक अभियान जारी रहेगा।

# गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल की बहादरपुर चीनी मिल में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

धामपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हाल में द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज द्वारा विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति, अफजलगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने की, जिसमें चीनी मिल परिक्षेत्र के लगभग 500 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी का संचालन चीनी मिल के उप महाप्रबंधक (गन्ना) लवकुश चौहान ने किया, जबकि मुख्य प्रबंधक (गन्ना) अनिल सिंह पंवार ने गोष्ठी की भूमिका पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.डी. सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नत प्रजातियों की खेती पर जोर दिया। उन्होंने रेड रॉट रोग से प्रभावित गन्ना प्रजाति को 0238 के पूर्ण विस्थापन की आवश्यकता बताई। साथ ही गन्ना प्रजातियों के प्रजनन परीक्षण क्षेत्र, पेड़ी प्रबंधन तथा वैज्ञानिक गन्ना उत्पादन तकनीक के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अति. प्रबंधक गन्ना अनिल कुमार ने फसल सुरक्षा, ट्राइकोडर्मा कल्चर की तैयारी एवं प्रयोग के बारे में बताया, जबकि अति. प्रबंधक गन्ना विनय कुमार सिंह ने मृदा नमूना संग्रहण, परीक्षण परिणामों के क्रियान्वयन तथा मृदा उर्वरता प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

स्थानीय गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने पंचामृत खेती, सहफसली प्रणाली, ड्रिप सिंचाई तथा ट्रैश मल्चिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# पोस्टर बनाकर डायरिया से बचाव को दिया संदेश



**मथुरा।** 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मुड़ेसी में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इण्डिया) और केन्वयू के सहयोग से डायरिया जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राधनाचार्य विमलेश द्वारा सभी को बेहतर स्वास्थ्य से होने वाले फायदे और साफ–सफाई के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें कक्षा 10 की अम्बिका को प्रथम, कक्षा 8 की बबली को द्वितीय, कक्षा 10 की मोहिनी को तृतीय पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 9 की कुमकुम मीणा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा पूनम और शीला द्वारा बच्चों को टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से डायरिया से बचाव के जरूरी संदेश दिए गए और टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाने के बारे में बताया गया। साथ ही रोटावायरस, विटामिन–ए को लेना ना भूलें, डायरिया (दस्त) से बचाव के लिए स्वच्छता और खानपान में सावधानी बहुत जरूरी है बार–बार हाथ धोएं हमेशा साफ पानी पियें (उबालकर या फिल्टर किया हुआ) और ताजा ढका हुआ भोजन ही खाएं ओआरएस गोल का सेवन निर्जलीकरण को रोकता है जबकि रोटावायरस टीकाकरण बच्चों को डायरिया से बचाता है। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को निकालने के लिए दंडीदार लोटे का प्रयोग करें। 6 माह से छोटे बच्चों को दस्त होने पर भी स्तनपान जारी रखें। विद्यालय की प्राधनाचार्य विमलेश द्वारा सभी को बेहतर स्वास्थ्य से होने वाले फायदे और साफ–सफाई के महत्व के बारे में बताया।

# कृष्णा में योग कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** गृह विज्ञान विभाग द्वारा योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने किया और योग से संबंधित जीवन में होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शरीर को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग का दिनचर्या में होना अति आवश्यक है तथा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शालिनी शर्मा ने भी योग के साथ सन्तुलित आहार के बारे में बताया कि हमारे जीवन में योग के आवश्यक है, जिससे शारीरिक नमस्कार उपाय साथ एक कराकर सन्तुलित आहार एक उपचार का लेना भी तथा मानसिक तनाव को दूर किया जाता है।

# बांकेबिहारी मंदिर में अब 'रेलिंग' के अंदर से होंगे दर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वृंदावन।** विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए एक बड़ा बदलाव किया गया है। मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्टील की स्थाई रेलिंग लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब मंदिर में प्रवेश से लेकर निकास तक श्रद्धालु एक व्यवस्थित कतार में रहकर ही आराध्य के दर्शन कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत अब मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का अनावश्यक ठहराव खत्म हो गया है। श्रद्धालु प्रवेश द्वार संख्या 4 और 5 से रेलिंग में प्रवेश करेंगे और चलते हुए ठाकुर जी के दर्शन कर सीधे निकास द्वार की ओर बढ़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट की उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति के आदेश पर मेरठ की कनिका कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा इन विशेष स्टील रेलिंग को तैयार किया गया है। गौरतलब है कि एक महीने पहले भी यहाँ ट्रायल किया गया था, जिसमें कुछ तकनीकी दिक्कतें आई थीं। अब उन सभी खामियों को दूर कर पूरी मजबूती के साथ रेलिंग इंस्टॉल कर दी गई हैं। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी के अनुसार इस रेलिंग व्यवस्था से मंदिर के बाहर गलियों में लगने वाला लंबा इंतजार कम होगा और धक्का–मुक्की जैसी स्थितियों पर लगाम लगेगी। शनिवार सुबह जब मंदिर के पट खुले तो श्रद्धालु इस नई व्यवस्था को देखकर उत्साहित नजर आए। रेलिंग लग जाने से अब कतारें अनुशासित हैं जिससे बच्चों और बुजुर्गों को दर्शन करने में पहले के मुकाबले काफी आसानी हो रही है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मंदिर आने वाले भक्तों से अनुरोध किया है कि वे रेलिंग के भीतर कतारबद्ध रहें और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करें ताकि दर्शन सुगम बने रहें।

## मनरेगा में बड़ा खेल

**कालागढ़।** मनरेगा में धांधली रोकने के लिए आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बाद भी मनरेगा की जमीन पर भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा है। मनरेगा में बड़ा खेल कागजों में कम जमीन पर सन्नाटा दिखाई पड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी इसे बड़ा भ्रष्टाचार नहीं मानते तभी सिर्फ नोटिस व चेतावनी तक ही सीमित रह जाते हैं। वहीं आम आदमी की मेहनत की कमाई पर जिले के विकास की जगह प्रधान व अधिकारी अपना विकास कर रहे हैं। जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा द्वारा काम कराया जा रहा है। जिसमें श्रमिकों की एक हफ्ते की उपस्थिति में भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा लगातार मनरेगा के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मनरेगा में कागजों पर मजदूर और धरातल पर झूठ का खेल लगातार जारी है। इससे साफ है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी है।

# आज होगा भगवान शिव का जलाभिषेक

## वासुदेव तीर्थ पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हर हर महादेव के जयकारों के बीच कांवरिये अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच गये है। कल (आज) शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है, जहां सुबह से ही जलाभिषेक और पूजन-अर्चन का क्रम शुरू हो जाएगा।

नगर के वासुदेव तीर्थ स्थित प्राचीन शिवलिंग पर कांवड़िए विशेष रूप से गंगाजल अर्पित करेंगे। देर रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा और ब्रह्म मुहूर्त में जलाभिषेक किया जाएगा। भक्त बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। पूरा दिन कांवड़िए अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहेंगे और शहर में भक्ति का वातावरण बना रहेगा। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों के बीच जल चढ़ाने का सिलसिला जारी रहेगा

## मंदिरों पर सजावट का काम पूरा, उत्साह के साथ मंजिल पर पहुंचे कांवड़िए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के

**■ चाकीखेड़ा मंदिर पर रहेगी भक्तों की सर्वाधिक संख्या**

प्रसिद्ध चाकेश्वर शिव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालय सजे नजर आए। उधर, मंदिरों में हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वहीं पुलिस ने भी प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।



देश भर में आज रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। ब्लॉक क्षेत्र में चाकेश्वर शिव मंदिर पर सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यहां पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। यहां पर मेला भी लगता है। शनिवार को सुबह से ही दुकानदारों ने पहुंचकर अपनी दुकानों के लिए स्थान घेरना शुरू कर दिया था। मंदिर के महंत लवकुश गिरि ने बताया कि तड़के से ही जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। मंदिर पर रंगाई पुताई का कार्य भी पूरा हो गया है। यहां के अलावा अन्य शिव मंदिरों में भी शनिवार की शाम तक सजावट का काम पूरा हो गया था। शिव मंदिरों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने सुरक्षा के लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

# कांवड़ लेने गए ग्रामीण पर किया हमला

## गंभीर हालत में मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कांवड़ लेने हरिद्वार जाने की बात कहकर घर से निकले मजदूर पर रास्ते में गोलियां बरसा दी गईं। नौगावां सादात क्षेत्र के जंगल किनारे खून से लथपथ पड़े मिले हरिओम को दो गोलियां लगीं। एक सीने में, दूसरी कमर में। वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल को मेरठ रेफर कर बयान दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है

हरिओम मूलरूप से डिडौली क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी है। उनके परिवार में पत्नी शीश कौर के अलावा चार बेटियां हैं। हरिओम रोजमर्रा का मजदूर है। परिजनों के मुताबिक शनिवार सुबह हरिओम हरिद्वार से कांवड़ लेने जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन लगभग आठ बजे वह नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मूंढ़ा मुकारी के पास सत्संग भवन से जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लहूलुहान में हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। हरिओम सिंह को दो गोली मारी गई हैं, एक गोली सामने से सीने पर तो दूसरी पीछे से कमर में लगी है। पुलिस ने तुरंत ही घायल हरिओम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि घायल हरिओम के बयान दर्ज करने के लिए दरोगा को मेरठ भेजा गया है। हालांकि, परिजन किसी भी तरह की रंजिश से इनकार कर रहे हैं। बयान और तहरीर के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल से शराब की खाली बोतल और गिलास मिले हैं, जिससे साफ है कि हरिओम के साथ अन्य लोग मौजूद भी थे।

# आस्था की अनोखी मिसाल! बुर्का पहनकर कावंड़ लेकर आई तमन्ना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। संभल जनपद के थाना असमोली क्षेत्र के गांव बदनपुर बसेई निवासी अमन त्यागी से विवाह के बाद तमन्ना मलिक एक बार फिर चर्चा में हैं। जानकारी के अनुसार तीन वर्ष पूर्व तमन्ना मलिक ने अमन त्यागी से शादी की थी। विवाह के बाद परिवार में सुख-समृद्धि और दो बच्चों के जन्म को अपनी मुराद पूरी होना मानते हुए उन्होंने कांवड़ लाने का संकल्प लिया था।

बताया जा रहा है कि तमन्ना मलिक 10 फरवरी को अपने गांव से हरिद्वार के लिए रवाना हुईं और 11 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे हरिद्वार से गंगाजल भरकर कांवड़ यात्रा शुरू की। खास बात यह रही कि तमन्ना मलिक पूरे समय बुरखा पहनकर कांवड़ यात्रा करती नजर आईं, जिससे रास्ते भर लोगों में उत्सुकता बनी रही। शनिवार को जब वह अमरोहा जनपद के थाना डिडौली कोतवाली क्षेत्र में पहुंचीं तो उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर उनके कांवड़ यात्रा से जुड़े वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। जगह-जगह लोग उन्हें रोककर सेल्फी लेने की कोशिश करते दिखाई दिए। कई स्थानों पर युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ सी मच गई। स्थिति को देखते हुए डिडौली पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से तमन्ना मलिक को अपने संरक्षण में क्षेत्र से सकुशल निकलवाया। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाया गया। तमन्ना मलिक की यह कांवड़ यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां कुछ लोग इसे आस्था और संकल्प की मिसाल बता रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल उनकी यात्रा शांतिपूर्वक आगे बढ़ रही है और स्थानीय प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। जोया में रोक कर हिन्दू संगठनों ने स्वागत किया इस अवसर पर अनुराग गुप्ता,पोपाल ठाकुर, विपिन, रमेश, हरिओम,सौरव आदि मौजूद रहे।

## हादसे में दो भाई घायल

**अमरोहा**। अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो भाई घायल हो गये। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के जिवाई गांव निवासी राजू अपने चचेरा भाई अभिषेक के साथ बीती देर रात शादी समारोह से बाइक पर सवार होकर घर के लिए जा रहे थे जब उनकी बाइक नीली खेड़ी अंडरपास के पास पहुंची तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी दोनों भाई घायल हो गए घायलों को एंबुलेंस की मदद से जोया सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए दोनों भाईयों को अमरोहा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दसवीं के छात्र का हाथ तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दसवीं के छात्र को दो व्यक्तियों ने मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल होने के कारण वह परीक्षा देने में भी असमर्थ है। घायल छात्र के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह मामला थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर का है। यहां का निवासी जोगेन्द्र(16) पुत्र रोहताश 10 फरवरी को सुबह सात बजे अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। जब वह रास्ते में पहुंचा तो गांव निवासी मोहित पुत्र कुलवंत व राकेश पुत्र शोलू ने उसे रोक लिया और गाली गलौच करने लगे। जोगेन्द्र ने विरोध

**■ दो आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज**

किया तो उसके साथ मारपीट करके हुए घायल कर दिया और उसका हाथ भी फ्रैक्चर कर दिया। चीख पुकार सुनकर उसके परिजन व ग्रामीण बचाने दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। घायल के चाचा राम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार राम सिंह का कहना है कि उसके भतीजे को इतनी चोट आई हैं कि वह परीक्षा देने में भी असमर्थ है। उसकी बोर्ड परीक्षा आगामी 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। पुलिस ने पीडित पक्ष को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

**लुभावनी बातों में फंसे वकील साहब! महीनों तक करते रहे रूपये ट्रांसफर**

# साइबर ठगों ने अधिवक्ता से 26 लाख ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। साइबर ठगों ने ऐसा जाल बिछाया कि कानून के जानकार अधिवक्ता भी उससे खुद को बचा न सके। जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले इस कारोबारी अधिवक्ता की शामें जहां सुरों के साथ गुजरती थीं, वहीं एक अनजान व्हाट्सऐप कॉल ने उनकी जिंदगी की धुन ही बिगाड़ दी। 12 मई 2025 से शुरू हुई यह कहानी 3 नवंबर तक 26 लाख रुपये की चपत में बदल गई। लुभावनी बातों और झांसे में फंसाकर साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये और मांगे, तब जाकर बेटे के सामने सच आया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला हसनपुर शहर से जुड़ा है। यहां एक मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी पेशे से अधिवक्ता भी हैं तथा जिला सत्र न्यायालय अमरोहा में प्रेक्टिस करते हैं। थके हारे घर पहुंचने के बाद रोजाना शाम में गाने डाउनलोड करके सुनना उनकी आदत बन

**■ हसनपुर में बड़ा साइबर कांड, पुलिस जांच में जुटी**

चुका है। लिहाजा, वह स्टारमेकर एप से गाने अपलोड करके मनोरंजन कर लेते हैं और बाद में उन्हें ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर देते हैं। एफआईआर के मुताबिक इसी बीच 12 मई को उनके पास एक अंजान नंबर से व्हाट्सऐप पर कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने लुभावनी बातें करते हुए उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद 12 मई 2025 से बीती 3 नवंबर तक अधिवक्ता ने साइबर अपराधियों द्वारा बताए गए खातों में लगभग 26 लाख रुपये अलग-अलग तारीखों में ट्रांसफर करा लिए। जब साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये और देने के लिए कहा तो उन्होंने पैसे पास होने से मना कर दिया। इसके बाद वह गुमसुम रहने लगे, पिता को मायूस देख जब सॉफ्टवेयर इंजीनियर बेटे ने वजह पूछी तो उन्होंने पूरी कहानी सुना दी। बेटे ने जब बताया कि साइबर अपराधियों ने 26 लाख रुपये लिए हैं तो ये सुन अधिवक्ता के होश उड़ गए। पीड़ित अघधिवक्ता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की थी। सीओ शक्ति सिंह ने बताया मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, साइबर अपराधियों को जल्दी ट्रेस कर लिया जाएगा।

# घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप

## डंडो से हमला, जीजा समेत कई पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के ग्राम चुचैला कला में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित फुरकान की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उसकी बहन के पति दानिश निवासी अलाबक्शपुर, थाना गढ़ मुक्तेश्वर, ने डंडे से हमला कर मारपीट की।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित ने बताया कि घटना 12 फरवरी की है दोपहर के समय आरोपी बाइक से घर के गेट पर पहुंचा और हाथ में डंडा लेकर फुरकान, उसके भाई रिजवान व मौहल्ले के फुरकान पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान बहन के साथ भी मारपीट की गई तथा सिर और कान पर वार किए गए। घटना के समय मोहल्ले के कई लोग मौके पर मौजूद थे।पीड़ित ने बताया कि उसका हाल ही में अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था, इसके बावजूद उसके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना पर पुलिस ने घायलों का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। थाना नौगांव क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी आमना (25 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।परिजनो ने हत्या की आशका जताई।

संवाददाता उझारी आमना पुत्री नबाब 25 वर्ष की शादी लगभग 18 माह पूर्व कस्बा उझारी के अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा है। शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे आमना मृत अवस्था में छत के कुंडे से लटकी मिली परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच कुछ समय से कहासुनी चल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष उझारी पहुंचे मायके वालों का आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। सूचना पर पहुंचे थाना इंचार्ज विकास शेरावत, उझारी चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी तथा नायब तहसीलदार मनोज सिंह घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी खबर लिखे जाने तक मायके वालों ने कोई तहरीर नहीं द



# नौकरी का झांसा देकर हड़पे पौने तीन लाख रूपये

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। दिल्ली मेट्रो में टिकट कलेक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख 70 हजार रूपये ठग लिए। रूपये वापसी के नाम पर आरोपी द्वारा सौंपे गए दो चेक भी बाउंस हो गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपित के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाई निवासी उमेशजीत सिंह के पुत्र रंजीत का

**■ एसपी के आदेश पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

आरोप है कि उसकी थाना धनौरा के गांव केसरा निवासी इकबाल के पुत्र नाजिम से जान पहचान थी। उसने डेढ़ वर्ष पूर्व दिल्ली मैट्रो में नौकरी लगवाने के नाम पर रंजीत से एक बार में एक लाख 10 हजार व दूसरी बार में एक लाख 60 हजार रूपये लिए। तीन लाख में नौकरी लगवाने की बात पक्की हुई, लेकिन तयशुदा समय में नौकरी नहीं लगी। जिस पर रंजीत ने आरोपित से पैसे मांगे तो उसने करीब आठ महीने बाद रंजीत को एक्सिस बैंक शाखा चांदपुर के दो चेक दिए, रंजीत ने दोनों चेक गजरौला की एक बैंक शाखा में लगाए तो पता चला कि दोनों चेक फर्जी हैं और जिस व्यक्ति के चेक हैं वह मृत हो चुका है। जिसके बाद रंजीत को ठगे जाने का अहसास हुआ। उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपित नाजिम के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी रकम दिलाने की गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी नाजिम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# क्लेम का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करें

## उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीमा कम्पनी का इलाज का क्लेम नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करने का आदेश उपभोक्ता फोरम ने दिया है।

दरअसल, रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कूबी निवासी वरुण कुमार की मां शिक्षा देवी ने अपनी एक हेल्थ पॉलिसी कराई थी। जिसकी मियाद एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक थी। इस बीच शिक्षा देवी के गालब्लैडर में पथरी की शिकायत हो गई। दर्द होने पर सात दिसंबर 2023 को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, 10 दिसंबर को डॉक्टर ने ऑपरेशन के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। इलाज में 20583 रुपये का खर्च आया। लिहाजा, मामले में वरुण कुमार ने बीमा कंपनी में खर्च का क्लेम किया लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम निरस्त कर दिया। तर्क दिया कि शिक्षा देवी का अस्पताल में रोगी के रूप में भर्ती होने और इलाज कराने का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। मामले में वरुण कुमार ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया और क्लेम के 20583 रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया।।साथ ही मानसिक और आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# शिक्षा से ही देश का भविष्य होगा उज्जवल: महबूब

## धूमधाम से मना रजा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि बच्चे केवल परिवार का ही नहीं बल्कि देश का भविष्य होते हैं। हमें उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि पढ़ा-लिखा समाज ही उन्नति करता है। कांकर सराय स्थित रजा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर बोलते पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है और शिक्षित समाज ही राष्ट्र को आगे बढ़ाने में सक्षम होता है। केवल परिवार का ही नहीं बल्कि देश का भविष्य होते हैं। हमें उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि पढ़ा-लिखा समाज ही उन्नति करता है। आने वाले समय में यही बच्चे शिक्षा के माध्यम से देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर नफीस चौधरी, मास्टर इमरान, इसरार प्रधान, तुफैल चौधरी, हाजी फहीमुद्दीन, इरशाद अली सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग के जेई का लैपटॉप चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। शादी समारोह में घर आए बिजली विभाग के जेई की बाइक के बैग से विभागीय लैपटॉप व चार्जर चोरी हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कालीलेट की है। यहां रहने वाले उपदेश कुमार बिजली विभाग में जेई के पद पर तैनात हैं। बीती 10 फरवरी को वह शादी समारोह में गांव आए थे। उनकी बाइक घर के पास खड़ी थी, जिसके बैग में विभागीय लैपटॉप, चार्जर व अन्य सामान रखा था। अज्ञात चोरों ने रात में किसी समय लैपटॉप व चार्जर चोरी कर लिया। अगले दिन जानकारी पर जेई उपदेश कुमार के होश उड़ गए, लैपटॉप चोरी होने की सूचना उन्होंने तुरंत विभागीय अधिकारियों को दी, इसके बाद अमरोहा थाना देहात पहुंचकर तहरीर दी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा

# बोर्ड परीक्षा में 51 हजार 277 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

## 18 फरवरी से 68 केन्द्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा 18 फरवरी प्रारम्भ होंगी। इस बार परीक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं जिले में 68 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

इस वर्ष हाईस्कूल के 28,583 और इंटरमीडिएट के 24,694 परीक्षार्थी सहित कुल 51,277 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी निर्धारित केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रात: 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी 68 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त सचल दल लगातार औचक निरीक्षण करेगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। छात्राओं की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा तथा छात्रों की तलाशी पुरुष कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सभी केंद्रों पर पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन तक प्रत्येक चरण की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दी गई है। सभी 68 परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं अंतिम रूप ले चुकी हैं और परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित तथा निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरा तंत्र सक्रिय है।

## रठौंडा (रामपुर) में ऐतिहासिक किसान मेले का भव्य शुभारंभ

# वंदेमातरम और समान नागरिक कानून पर बोले मुख्तार अब्बास नकवी

शाह टाइम्स

**रामपुर।** जनपद रामपुर के रठौंडा में आयोजित ऐतिहासिक किसान मेले का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रवाद, वंदेमातरम, पंथनिरपेक्षता और समान नागरिक कानून जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे। अपने संबोधन में नकवी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के शौर्य और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत ह्लवंदेमातरमह्न से यदि किसी के ईमान को खतरा महसूस होता है तो वह राष्ट्रवाद के प्रति ईमानदार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम कोई मजहबी गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी गौरव का प्रतीक है और भारतीय राष्ट्रवाद की आत्मा से किसी भी मजहब की आस्था को नुकसान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आजादी के समय मुस्लिम लीग द्वारा वंदेमातरम का विरोध विभाजन की त्रासदी का कारण बना था, इसलिए समाज को विभाजनकारी और साम्प्रदायिक मानसिकता से सावधान रहना होगा। नकवी ने कहा कि सनातन का संस्कार ही पंथनिरपेक्षता का उपहार है और भारत की धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था बहुसंख्यक समाज के संकल्प, सोच और संस्कार का परिणाम है। समान नागरिक कानून पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ह्लएक देश, एक कानूनह्न पूरे देश के लिए है, किसी विशेष मजहब के लिए नहीं। यह व्यवस्था सभी नागरिकों के लिए सरल, सुलभ और समावेशी कानूनी ढांचा सुनिश्चित करेगी तथा संवैधानिक दिशानिर्देशों को मजबूत करेगी। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए नकवी ने कहा कि छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति अब कमजोर पड़ रही है। संवैधानिक आस्था को साम्प्रदायिक नजरिये से देखने की सोच देशहित में नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संवैधानिक सुधारों और समावेशी सशक्तिकरण के मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है तथा देश की संप्रभुता और सुरक्षा पूरी तरह सुरक्षित है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहनलाल सैनी, अभय गुप्ता, राकेश मिश्रा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, टेक चंद्र गंगवार, जागेश्वर दयाल दीक्षित, महा सिंह राजपूत, रिजवान हुसैन, खलील अहमद, भागीरथ सिंह गंगवार, चंद्र प्रकाश शर्मा, रजनीश पटेल, मिथिलेश सिंह, महेंद्र लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अजय बाबू गंगवार, सोनू लोधी, शुभांग गंगवार, शंकर लाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।









# ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया शिवरात्रि का पर्व

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाहबाद शाखा में शनिवार के महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बाबा के घर में सर्वप्रथम 11 बजे मुरली क्लास का आयोजन रहा जो लगभग 2 घंटे चला। उसके पश्चात ठीक 1: 30 बजे महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया । शोभा यात्रा पुराने सेंटर से शुरू हुई और सक्सेना कंप्यूटर सेंटर, पुराना पोस्ट ऑफिस, बजरंग चौक, भारतीय स्टेट बैंक, बिलारी चौराहा होती हुई सेवन सीज होटल के पीछे बने अपने नए केंद्र पर जाकर समाप्त हुई । वहां संस्था द्वारा झंडा फहराया गया और देशभक्ति की भावना के लिए राष्ट्रगान भी गया । इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण भी किया गया।



# शाहबाद थाना समाधान दिवस में 3 शिकायतें मिलीं दो का मौके पर निस्तारण

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने की। इस दौरान कुल तीन शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने लोगों की फरियादें सुनीं और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शेष एक शिकायत को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। इस अवसर पर निरीक्षक जयप्रकाश यादव, राजस्व निरीक्षक संजय सक्सेना और अन्य राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एएसपी ने किया शहजादनगर थाने का निरीक्षण





शाह टाइम्स

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह रठौंडा मेले के शुभारंभ के बाद वापस लौटते हुए शहजादनगर थाने पहुंचे। यहां पर उन्होंने थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान मुकदमों से संबंधित सबूतों के रख-रखाव की जानकारी की। उन्होंने हेड मोहर्रिर से सबूतों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़खानी न होने के निर्देश दिए। बोले कि कोर्ट में ट्रायल के दौरान अपराधियों को सजा दिलाने में यह सबूत काफी महत्वपूर्ण होते हैं। इसके अलावा उन्होंने हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साईबर सेल आदि की साफ-सफाई का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग तेज, एड. सद्दाम उस्मानी ने बताई जरूरत

शाह टाइम्स

**रामपुर।** देशभर में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग तेज होती जा रही है। एड. सद्दाम उस्मानी ने कहा कि यह कानून वकीलों को उनके पेशेवर कार्यों के दौरान शारीरिक हिंसा, धमकियों और झूठे मुकदमों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। वर्ष 2021 में इं१ उड्ड४ल्लू' ड्ड कर्ल्ला ने इस अधिनियम का प्रारूप प्रस्तावित किया था, जिसका मकसद वकालत पेशे को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कानून के अनुसार यदि किसी अधिवक्ता के साथ मारपीट, हमला या अभद्र व्यवहार किया जाता है तो दोषी के खिलाफ 6 महीने से लेकर 5 वर्ष तक की सजा और ?50 हजार से ?1 लाख तक के जुमार्ने का प्रावधान है। साथ ही वकीलों से जुड़े मामलों की जांच पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा और एफआईआर दर्ज होने के 30 दिनों के भीतर जांच पूरी करने का प्रावधान रखा गया है। एड. सद्दाम उस्मानी ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि वे निर्भय होकर न्यायिक कार्य कर सकें। उन्होंने बताया कि फ्रंरइॅल्ल वर्ष 2023 में अपना एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है, जिससे अन्य राज्यों के लिए भी मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा और न्याय व्यवस्था की मजबूती के लिए इस कानून को शीघ्र लागू किया जाए, ताकि वकालत जैसे महत्वपूर्ण पेशे से जुड़े लोगों को सम्मान और संरक्षण मिल सके।



# हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू, एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित

शाह टाइम्स

**रामपुर।** महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए कांवड़ियों के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार रात से हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू कर दिया है। हाईवे की एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी गई है, जबकि दूसरी लेन से रोडवेज बसें, कार और अन्य हल्के वाहन संचालित किए जा रहे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगाजल लेकर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जीरो प्वाइंट व शहजादनगर जीरो प्वाइंट से भारी वाहनों का डायवर्जन कर दिया है। यह व्यवस्था शुक्रवार रात से लागू होकर सोमवार तक प्रभावी रहेगी। टीआई राजीव कुमार ने बताया कि सुरक्षा और सुचारु यातायात के लिए डायवर्जन प्लान सख्ती से लागू किया गया है। इन मार्गों से गुजारे जा रहे भारी वाहनः बरेली से दिल्ली जाने वाले वाहन आंवला, शाहबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर होकर भेजे जा रहे हैं। मीरगंज मार्ग से दिल्ली जाने वाले वाहनों को मिलक के तीन बत्ती तिराहा से पटवाई, शाहबाद, बिलारी, नरौरा होते हुए निकाला जा रहा है। रुद्रपुर से रामपुर होते हुए दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को जौहर पुलिया थाना गंज से बाईपास जीरो प्वाइंट शहजादनगर, अजीतपुर बाईपास पुल की साइड से शाहबाद, बिलारी, चंदौसी, बबराला, बुलंदशहर मार्ग से भेजा जा रहा है। रामपुर से मुरादाबाद जाने वाले भारी वाहन शाहबाद व बिलारी होकर गुजरेंगे। मुरादाबाद से रामपुर आने वाले वाहनों को भी बिलारी-शाहबाद मार्ग से भेजा जा रहा है। बरेली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शाहबाद से आंवला, अलीगंज होते हुए निकाला जाएगा। हल्द्वानी-रुद्रपुर से आने-जाने वाले वाहन बिलासपुर गेट मार्ग से गुजर रहे हैं। हापुड़, मेरठ व गढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को गढ़ चौपला (जनपद हापुड़) से डायवर्ट कर बुलंदशहर, नरौरा, बबराला, चंदौसी, बिलारी, शाहबाद होते हुए रामपुर भेजा जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि डायवर्जन प्लान का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, जिससे कांवड़ियों की यात्रा सुरक्षित व सुगम बनी ।

# राठौड़ा में किसान मेले का शुभारंभ, अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स

**रामपुर।** थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम राठौड़ा में आयोजित किसान मेले का शुभारंभ आज मा० जनप्रतिनिधि एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शुभारंभ के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने मेला परिसर तथा अस्थायी थाना रठौंडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों के निर्वहन के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।



# आश्रम की भूमि पर कब्जे का आरोप, महंत ने दी तहरीर

शाह टाइम्स

**सैफनी।** ग्राम चौकोनी स्थित शिव मंदिर आश्रम की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। महंत रामशरण गिरी ने कुछ ग्रामीणों पर आश्रम की जमीन पर कूड़ा व उपले रखने तथा विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महंत के अनुसार भूमि पर गेहूं की फसल खड़ी है और इससे नुकसान की आशंका है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# रमजान बड़ा बरकतों वाला महीनाः बिलाल मस्जिद में हुआ जलसा



शाह टाइम्स

**मसवासी/बिजारखाता।** शनिवार रात बिजारखाता स्थित बिलाल मस्जिद में रमजान के स्वागत को लेकर एक जलसा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मस्जिद के इमाम इदरीस अंसारी ने की, जबकि संचालन मौलाना मोहम्मद अनीस ने किया। जलसे का आगाज मौलाना मोहम्मद अंबर ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। उत्तराखंड के जसपुर से आए मौलाना मोहम्मद अखलाक कासमी ने अपने बयान में रमजान की फजीलत बताते हुए कहा कि यह महीना बेहद बरकतों और रहमतों वाला है। अल्लाह तआला ने इसे नेकियों का खास मौसम बनाया है, इसलिए हर मुसलमान को चाहिए कि इस मुबारक महीने की कदर करे और ज्यादा से ज्यादा इबादत व नेक अमल करे। कार्यक्रम के अंत में मौलाना साबिर ने मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस मौके पर मौलाना अली अहमद, मौलाना उबैदुर्रहमान, मुफ्ती नजमुल हक, मौलाना हबीबुर्रहमान, कारी मोहम्मद फारूक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ब्लाक सभागार में बजट की संगोष्ठी सुनी गई

शाह टाइम्स

**स्वार।** शनिवार को केंद्रीय बजट 2026 वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन द्वारा 1 फरवरी 2026 को प्रस्तुत किया गया जिसकी संगोष्ठी स्वार विधानसभा में स्वार ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता सैनी रही कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने की जिसमें केंद्रीय सरकार ने शिक्षा ,कृषि, दवाइयां और कैंसर की 17 दवाइयां इलेक्ट्रॉनिक सभी चीजों का ध्यान रखते हुए प्रस्तुत किया है। इस दौरान स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, महेंद्र सैनी, अमित सक्सेना, राजकुमार चौहान, रोहित सैनी, राकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।



# स्प्लेंडर और स्कूटी की टक्कर के बाद आपसी समझौता

शाह टाइम्स

**रामपुर।** खिजरपुर बंदे मार्ग पर अनीस समोदिया की स्प्लेंडर बाइक और अलीयागंज निवासी जाकिर भाई के पुत्र की स्कूटी के बीच हुई टक्कर के मामले में पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। दुर्घटना में स्कूटी सवार युवक को हल्की चोटें आई, जबकि दोनों वाहनों को मामूली नुकसान बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत हुई और समझौता कर लिया गया। किसी भी पक्ष की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई, जिसके चलते पुलिस द्वारा कोई औपचारिक जांच नहीं की गई। फिलहाल मामला आपसी सहमति से निपट गया है और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।



# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर दबोचे एक के पैर में लगी गोली, सिपाही घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार रात करीब दो बजे थाना भोजीपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिघांई कायस्थान के जंगल में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु को मारने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेरा. बंदी की। संदिग्धों को ललकारने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

जवाबी फायरिंग में राजू कुरैशी निवासी मोलागढ़ (थाना भोजीपुरा) के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसके साथी इमरान कुरैशी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक गोली सिपाही रिंकू के बाजू को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजीपुरा भेजा गया। पुलिस ने घायल आरोपी के पास से एक तमंचा, एक खोखा, दो कारतूस और एक छुरी बरामद की है। इसके अलावा मौके से पशु को मारने में इस्तेमाल होने वाले औजार भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राजू के खिलाफ पहले से 22 और इमरान के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर सख्त हुआ प्रशासन

- **लंबित कार्यों पर कार्रवाई के निर्देश**
- **डीएम अविनाश सिंह बोले हरे चारे की कमी दूर करें, कोई भी पत्रावली ज्यादा समय तक न रोकी जाए**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गौशालाओं की व्यवस्थाओं, निरीक्षण प्रणाली और लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तहसील और विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक माह बैठक अनिवार्य रूप से कराई जाए और उसमें दिए गए निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षण की रिपोर्ट लेने तथा निरीक्षण न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिन गौशालाओं में हरे चारे की कमी है वहां संबंधित ग्राम प्रधानों से समन्वय कर समस्या का समाधान कराया जाए।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि ब्लॉक भदपुरा की मधुनगला गौशाला में अभी तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हुआ है। इस पर खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा को छह माह में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने तथा प्रत्येक माह फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारियों को गौशाला निरीक्षण के दौरान भूसा, हरा चारा, चोकर और लॉग बुक रजिस्टर की जांच करने के लिए कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन गौपालकों का भुगतान लंबित है, उसे शीघ्र कराया जाए। बीमार गायों को अलग रखने तथा क्षमता से अधिक गाय होने पर अतिरिक्त गौपालक लगाने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही गौशालाओं में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश देने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनमोहन पाण्डेय, जिला पंचायती राज अधिकारी कमल किशोर सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्नी ने पति और देवर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के मोव बिजोरिया के रहने वाले चमन प्रकाश का अपनी पत्नी प्रयागवती से पिछले काफी दिनों विवाद चल रहा है जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही है।

बताया जाता है कि अपने बच्चों की तबियत खराब होने की जानकारी पर वह उन्हें देखने शुक्रवार को नवाबगंज आई थी। आरोप है कि देखते ही पति चमन प्रकाश और उसके भाई ने गाली गलौज करने के साथ मारपीट कर डाली। घटना की रिपोर्ट पत्नी ने अपने पति और देवर के खिलाफ दर्ज कराई है।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत नुक्कड़ नाटक व रैली से जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान के संचालन में छात्र-छात्राओं ने हेलमेट के उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आमजन को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपात स्थिति में घायलों की सहायता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** हुरहुरी मीरगंज रोड पर स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज के निकट शनिवार दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में विजेंद्र निवासी दियोसास गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज रफ्तार में थी और चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सीधे पेड़ से जा भिड़ा।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसे चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान होरी लाल गंगवार ने बताया कि घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### साप्ताहिक बाजार में जुआं खेलते चार पकड़े, 1570 रुपये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस टीम के साथ साप्ताहिक बाजार मैदान में छापेमारी कर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में आकाश, वीरेंद्र सक्सेना, बंटी निवासी चुरई दलपतपुर तथा इरशाद निवासी भसौड़ी थाना मिलक, जनपद रामपुर शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से जुए का फड़ और 1570 रुपये नकद बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गति. विधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सिंधौली चौराहे पर 17 पव्वे देशी शराब के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ सिंधौली चौराहे के पास छापा मारकर मुनब्बर निवासी मोहल्ला सरायखाम, कस्बा मीरगंज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके झोले से देशी शराब के 17 पव्वे बरामद किए गए।पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शराब की दुकान से खरीदकर ला रहा था, जिसमें से कुछ पव्वे स्वयं पीने और कुछ बेचने के लिए रखे थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पार्कों में प्रेमियों पर रही पुलिस की पैनी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** वैलेंटाइन डे के मौके पर बरेली का रंग इस बार रोमांस का नहीं, बल्कि सुरक्षा और सख्ती का रहा। शहर के प्रमुख पार्कों और रेस्टोरेंट में पुलिस प्रशासन ने दिनभर सख्त निगरानी रखी। पिछले दिनों राजेंद्रनगर के एक कैफे में छात्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी थी, इसके चलते वैलेंटाइन डे पर विशेष सतर्कता बरती गई।



शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया। गांधी उद्यान के म्यूजिक फाउंटेन और भूल-भुलैया क्षेत्र में खुद कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम मौजूद रहे और हालात का जायजा लिया। पार्कों के बाहर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि किसी भी अनुचित गतिविधि या अश्लील हरकत को तुरंत रोका जा सके। पुलिस ने बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी या कपल को परेशान करना कतई बर्दाश्त नहीं होगा। शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूरे दिन पुलिस पैदाल और गाड़ियों सेगश्त करती दिखी। पार्कों के बाहर भी कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त रखा गया, ताकि शहर में किसी भी तरह की अफरा-तफरी या अनुचित हरकत को रोका जा सके। कहा जा रहा है कि बीते 28 दिसंबर को राजेंद्रनगर स्थित एक कैफे में अपना जन्मदिन मना रही छात्रा और उसके दोस्तों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। यह घटना खासी चर्चित रही थी। इसी के बाद से पुलिस ने त्योहारों और विशेष मौकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया।

इसके अलावा पुलिस ने पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले युवाओं से अपील की कि वे मर्यादा बनाए रखें। साथ ही किसी भी अनुचित व्यवहार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पार्कों में मोबाइल पेट्रोलिंग, पैदल गश्त और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। फिलहाल, किसी भी तरह की बदतमीजी की सूचना शाम तक नहीं मिली है।

# फार्मर रजिस्ट्री में ढिलाई पर सख्त रुख

- **चार कर्मचारियों को नोटिस**
- **एक सप्ताह में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील सभागार में शनिवार एसडीएम आलोक कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बैठक की। बैठक में राजस्व, कृषि, पंचायत एवं विकास विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

एसडीएम ने फार्मर रजिस्ट्री की लेखपालों व कृषि विभाग के कर्मचारियों की ग्रामवार समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। समीक्षा में अपेक्षित प्रगति न होने पर एसडीएम ने लेखपाल सुधा शर्मा, पुरुषोत्तम, गौरव सिंह एवं ब्लाक शेरगढ़ के कृषि विभाग के टीएसी धर्मेंद्र को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।एसडीएम ने कहा पीएम किसान सम्मान निधि के हर लाभार्थी की फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की पीएम किसान निधि की किश्त आना शीघ्र बंद हो जाएगी। एसडीएम ने बीडीओ व एडीओ को पंचायत सहायकों व रोजगार सेवकों को इस कार्य में लगाकर फार्मर रजिस्ट्री कराने एवं जनसेवा केंद्र संचालकों का सहयोग लेकर एक सप्ताह में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। तहसील में पीएम किसान सम्मान निधि के 69373 लाभार्थी हैं। इनमें से 56355 किसानों ने ही फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है। क्षेत्र के 6500 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं कराई है। बैठक में तहस. ीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सिंह, राजेश, एडीओ कृषि आदि मौजूद रहे।

# मकान पर दबंगों ने की कब्जे की कोशिश

- **महिला ने पांच लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम खिरजपुर में शनिवार को बड़ा खून खराबा होने से बच गया। एक ग्रामीण के मकान पर कब्जा लेने गए दबंगों के पहुंचते ही पुलिस ने पहुंचकर दो को हिरासत में ले लिया। ग्रह स्वामी की पत्नी ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही लूटपाट करने और 5 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम खिजरपुर के ताहिर खां की पत्नी साबिया द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक उसके पति ताहिर खां ने 19 मार्च 2008 को ग्राम खिरजपुर में गाटा संख्या 98 में से 18 बिस्वा जमीन गांव के ही कल्लन खां से 56 हजार रुपये में खरीदी थी। उसने रुपए देकर उस पर मकान बना लिया। वह परिवार के साथ इसमें 18 साल से रह रहा है।

इसी प्लॉट में से गांव के इस्लाम खां, इरफान शाह और उस्मान शाह ने भी कल्लन खां से जमीन खरीदकर मकान बना लिए और सभी उसमें रह रहे हैं। आरोप है कि एक साल पहले कल्लन खां ने उक्त जमीन का बैनामा अपने भांजे मैसर खां निवासी ग्राम रम्पुरा थाना भोजीपुरा के नाम करा दिया।

आरोप है कि इसके बाद से मैसर खां पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था, और मकान खाली न करने पर जबरन कब्जा करने की धमकी दे रहा था।

महिला ने बताया कि आज शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे मैसर खां पांच गाड़ियों से 12ख्र15 लोगों के साथ उसके घर पहुंचा। सभी लोग कथित रूप से असलहों से लैस थे। आरोप है कि दबंगों ने घर में घुसकर सामान बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई, कानों से करीब सात ग्राम सोने के कुंडल खींच लिए गए तथा बक्से में रखे दो लाख रुपये नकद लूट लिए गए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो लोगों ने हिरासत में ले लिया। महिला का कहना है कि पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

इस मामले में ताहिर खां की पत्नी साबिया ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए दो लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया।

## ग्रामीण ने स्टांप चोरी का आरोप लगाते हुए एडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव याकूबपुर के रहने वाले धर्मपाल गंगवार ने एडीएम वित्त को की गई शिकायत में ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा की एक महिला पर प्लॉट का बैनामा कराए जाने पर स्टाम्प की चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण के अनुसार आरोपी महिला ने बीजमऊ रोड पर खरीदे गए एक प्लॉट को 6 मीटर कम चौड़े रोड पर दर्शाया है, जबकि यह प्लॉट लिंक मार्ग पर 9 मीटर से अधिक चौड़े रास्ते पर है। एडीएम वित्त को भेजी गई इस शिकायत में सब रजिस्ट्रार कर्मियों से मिलकर स्टांप की चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# वेलेंटाइन डे पर पुलिस की रेस्टोरेंटों में छापेमारी

- **प्रेमी जोड़ों को हिदायत देकर छोड़ा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वेलेंटाइन डे पर शनिवार को पुलिस सुबह से ही सतर्क रही। पुलिस ने नगर के कई रेस्टोरेंटों में छापेमारी कर कई प्रेमी जोड़ों को रंगे हाथों पकड़ा, और फिर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव शनिवार को चौकी इंचार्ज सुनील कुमार भारी पुलिस वल के साथ कस्बे के बाईपास रोड पर चल रहे रेस्टोरेंटों पर पहुंचे, और वहां मिले प्रेमी जोड़ों को सख्त हिदायत दी। पुलिस की इस छापेमारी की खबर कस्बे में फैल गई और आनन-फानन रेस्टोरेंटों से प्रेमी जोड़े वहां से खिसक लिए।

# राशन को लेकर विवाद में पति ने दिव्यांग पत्नी पर ब्लेड से किया हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के दियोसास गांव में गुरुवार दोपहर घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। राशन लाने को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी दिव्यांग पत्नी पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।जानकारी के अनुसार दियोसास निवासी मुन्नी दिव्यांग हैं।

गुरुवार करीब एक बजे राशन लाने की बात को लेकर उनका पति सुरेंद्र से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र ने गाली-गलौज करते हुए मुन्नी के साथ मारपीट की और चेहरे पर ब्लेड से वार कर दिया। हमले में महिला को चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और किसी तरह मुन्नी को बचाया।बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। मुन्नी का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसे प्रताड़ित करता है और उसका जीवन दूभर कर रखा है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव के दो युवकों ने सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाति सूचक शब्दों व गालियां देने का वीडियो वायरल किया है। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव परशुरामपुर निवासी आकाश ने गाँव के अन्य लोगों के साथ शीशगढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि गांव के ही सुभाष और संजू ने उनके ओप्पो मोबाइल पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाति सूचक शब्दों के साथ गालियां देते हुए वीडियो भेजी है। आरोप है कि उपरोक्त ने इंस्टाग्राम पर भी दा विशाल इन 09 आईडी से वीडियो वायरल कर संविधान निर्माता का अपमान किया है।

शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त दोनों युवकों के खिलाफ आपत्ति जनक वीडियो वायरल करने की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि दो युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर डा. भीम राव अम्बेडकर पर टिप्पड़ी किए जाने के मामले में दोनों को हिरासत में ले लिया है।

# प्रेमजाल में फंसाकर 10 लाख की वसूली

- **हनीट्रैप करने वाली महिला को पकड़ा**
- **दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर और 12 लाख मांगे**
- **साथियों की तलाश में जुटी पुलिस**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर में हनीट्रैप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति से अलग रहने वाली एक महिला ने युवक से दोस्ती कर पहले नजदीकियां बढ़ाईं और फिर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपये वसूल लिए। बाद में 12 लाख रुपये और मांगने पर पीड़ित युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के इंद्रानगर निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर निवासी पूजा शर्मा ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर संबंध बनाए और बाद में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने लगी। डर के कारण उसने अलग-अलग समय पर कुल 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद महिला ने 12 लाख रुपये और मांगे तो उसने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पूजा शर्मा समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महिला के कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है जिसकी जांच की जा रही है, जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पति से अलगाव हो चुका है और वह दो छोटी बच्चियों के साथ रह रही थी। आय का कोई साधन न होने पर उसने युवक से नजदीकियां बढ़ाईं और खर्चा मिलने लगा। कुछ समय बाद उसने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे ऐंठ लिए। रकम मिलने के बाद लालच बढ़ा तो उसने और रुपये मांगने शुरू कर दिए, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि पूरे गिरोह की भूमिका की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

- **130 केन्द्रों पर कड़ी निगरानी में होगी परीक्षा**
- **92 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल, नकल कराने पर 10 साल जेल व भारी जुर्माने की चेतावनी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 को शांतिपूर्वक, सकुशल और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। अर्बन हाट स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे और पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिक ने जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले में 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में लगभग 92,135 परीक्षार्थी 130 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। इनमें 129 केन्द्र विद्यालयों में तथा एक परीक्षा केन्द्र केंद्रीय कारागार में बनाया गया है। जनपद को सात जोन और 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 0581-2427433 नम्बर का कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैनात कर्मचारी एक-दूसरे से मोबाइल नंबर साझा करें तथा कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी सूची की प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराएं। मेडिकल आधार पर किसी भी प्रकार की छूट बिना सीएमओ की लिखित संस्तुति के नहीं दी जाएगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर पहले से अवगत कराने को कहा गया।

प्रशासन ने बताया कि जिले के 9 संवेदनशील और 4 अतिसंवे. दनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। प्रत्येक पाली में पुलिस बल, केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराई जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए दो सशस्त्र पुलिसकर्मी परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे तथा छात्राओं की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा कराई जाएगी। परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर क्षेत्र में फोटोस्टेट और जिरॉक्स की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी सिटी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नकल-विहीन परीक्षा कराना है। परीक्षा में अनुचित सहायता देने या प्रयास करने पर 10 वर्ष तक कारावास और 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है, जबकि परीक्षा में बाधा डालने पर आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

बैठक में उपजिलाधिकारी फरीदपुर मल्लिका नैन, उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी राम जनम यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ओ.पी. राय, प्रधानाचार्य लोकेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि से पहले घर में निकले छह कोबरा, दहशत में परिवार

- **वन विभाग की घंटों चली रेस्क्यू कार्रवाई, सुरक्षित जंगल में छोड़े जाएंगे सांप**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला शरीफ नगर वार्ड नंबर-14 में शनिवार को एक घर से छह जहरीले कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया। घर मालिक मोहम्मद यासीन के परिवार ने जैसे ही सांप देखे, तुरंत वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद सभी सांपों को पकड़ लिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

मोहम्मद यासीन के अनुसार पिछले कई दिनों से घर में सांप दिखाई दे रहे थे और इसकी सूचना विभाग को दी जा रही थी। शनिवार सुबह घर की बुनियाद में काले सांप दिखाई देने पर फिर सूचना दी गई। वन विभाग के दरोगा छेदा लाल मौर्य और सर्प पकड़ने वाले राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और सुबह करीब 11 बजे से शाम चार बजे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में छह कोबरा सांप पकड़ लिए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी घर से दो जहरीले सांप पकड़े गए थे। लगातार सांप निकलने से परिवार के साथ-साथ मोहल्ले में भी दहशत का माहौल है। महाशिवरात्रि से पहले एक साथ इतने कोबरा मिलने से लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे और मौके पर भीड़ जुट गई।

वन विभाग की टीम ने सभी सांपों को सुरक्षित पकड़कर फतेहगंज क्षेत्र के पास जंगल में छोड़ने की बात कही है। मोहम्मद यासीन और उनके परिजनों ने टीम का आभार जताया।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# विवादों से परे आज होगा भारत-पाक महामुकाबला

● **यह मुकाबला, जो पहले से ही अपने जोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई जबरदस्त घटनाओं की बैकग्राउंड में हो रहा**




**कोलंबो, वार्ता।** रविवार को क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में यहां आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं।

बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फैसला किया। उनकी जगह, स्कॉटलैंड ने यह पक्का किया कि टूर्नामेंट आसानी से हो सके। शुरू में, खबर थी कि बंगलादेश के नाम वापस लेने के बाद पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने मैच का रिव्यू कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के साथ बातचीत के बाद, पाकिस्तान ने कन्फर्म किया कि वे तय समय पर भारत के खिलाफ खेलेंगे, जिससे फैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का इंतज़ार कर सकें। मैदान पर, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर फेवरेट के तौर पर उतरेगा, जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म में हैं, 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायरपावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है। जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में लगातार मैच जीतकर अपने मोमेंटम के साथ आ रहा है। उनकी ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर फेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुकाबला करने का एक भरोसेमंद मौका मिलेगा। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी-20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिलसिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा। किशन की ज़बरदस्त बैटिंग, पाकिस्तान का टैक्टिकल स्पिन अटैक, और बंगलादेश के हटने और पाकिस्तान के शेड्यूलिग रिव्यू के सुलझने के बाद साइकोलॉजिकल इंटेंसिटी यह पक्का करती है कि यह मैच ड्रामा, हाई-स्टेक कॉम्पिटिशन और यादगार पलों का वादा करता है। स्किल और इमोशन दोनों में, यह मुकाबला क्रिकेट के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक जैसा नज़ारा पेश करने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज की नजरें लगातार जीत पर

**मुंबई, वार्ता।** रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपराजित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए।

### कपिल ने पहली गेंद से ही रन बनाने की काबिलियत के लिए अभिषेक शर्मा की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा।

# टेलर, बेन, डेनिस और सिलिच सेमीफाइनल में

● **टेलर फिट्ज ने कड़े मुकाबले व चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2) 6-4, 6-7(5) से हराया**

**डलास, वार्ता।** टेलर फिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेलर फिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

4-5, 30/15 पहले सेट में, फिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा।

# बुमराह-कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार

**पाक के खिलाफ मैच पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली ने दी बेबाक राय**



**दुबई, वार्ता।** मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप को समर्पित अपनी ऑफिशियल सीरीज के दूसरे एपिसोड में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली का खास मेहमान के तौर पर स्वागत किया, जहां इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने बड़ी भविष्यवाणियां, टैक्टिकल जानकारी और भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। अनीस साजन (मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर) के साथ एक गहरी बातचीत में, मोईन ने टूर्नामेंट के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई, जिसमें टीम कॉम्बिनेशन, खास मैच-अप और हालात पर चर्चा की, जिसमें खास तौर पर भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर ध्यान दिया गया, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है, जो दुनिया के खेलों में सबसे मशहूर मुकाबलों में से एक है।

मोईन अली की खास बातें

प्रेमदासा पिच पर:

आम तौर पर, प्रेमदासा में टर्न मिलता है। यह ऐसी सतह है जहां स्पिनरों को मदद मिल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के लिए एक अच्छा विकेट तैयार किया जाएगा ताकि दोनों टीमें अपना नैचुरल गेम खेल सकें और यह एक सही मुकाबला बन जाए।

भारत के खास खिलाड़ियों पर:

अगर आप भारत को देखें, तो सूर्यकुमार यादव वह बैटर हैं जिनके बारे में पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिता करनी चाहिए। वह बहुत तेज़ी से गेम बदल सकते हैं। और बॉलिंग के नज़रिए से, यह जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ही हैं, वह किसी भी कंडीशन में मैच-विनर हैं।

पाकिस्तान के टीम कॉम्बिनेशन पर:

मुझे सच में लगता है कि पाकिस्तान को ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहिए जिसमें फखर जमान खेलें। यह एक बोल्ड फैसला है, लेकिन मेरा मानना है कि वह बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मैं शाहीन अफरीदी और ख्वाजा नफे को भी टीम में देखना चाहूंगा, और टीम का बैलेंस मजबूत करने के लिए विकेटकीपिग रोल में भी बदलाव कर सकता हूं। असल में, मुझे लगता है कि इस मैच के लिए बाबर आजम की जगह फखर जमान को लाना चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ताकत का मुकाबला करने का सबसे अच्छा मौका मिल सके और ख्वाजा को विकेटकीपर के तौर पर उस्मान खान की जगह भी लेना चाहिए।

भारत के टीम सिलेक्शन पर:

भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि कुलदीप यादव खेलें। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी दूसरे भारतीय बॉलर से बड़ा खतरा होंगे।

पाकिस्तान की बॉलिंग से खतरा:

पाकिस्तान की तरफ से, मुझे लगता है कि अबरार अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे इंडिया को सच में सावधान रहना चाहिए। उनमें बैटर्स को परेशान करने की काबिलियत है। मैं उस्मान तारिक का भी ज़िक्र करूंगा क्योंकि वह बहुत चालाक हैं, और इंडिया ने उनका ज्यादा सामना नहीं किया है, जो उन्हें खतरनाक बनाता है।

मैच के नतीजे पर:

आम तौर पर मुझे कहना होगा कि इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा जीत सकता है, ईमानदारी से, जैसे मैं पहली बार कह रहा हूं कि पाकिस्तान जीतेगाष

टूर्नामेंट के आउटलुक पर:

मेरे चार सेमीफाइनलिस्ट इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैने मुकाबला करना लीड करना और सपने देखना सीखा : कुंबले



● **भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चिन्नास्वामी स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत में कुछ ही ग्राउंड ऐसे हैं जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम जितनी यादें, जीत और दुख समेटे हुए हैं। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले शुक्रवार को स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया जो एक युवा दर्शक के तौर पर वहीं से शुरू हुआ और देश के सबसे मशहूर क्रिकेट ग्राउंड में से एक के साथ-साथ आगे बढ़ा।

कुंबले ने याद किया कि नौ साल की उम्र में वह बेंगलुरु की इस जगह पर रणजी ट्रॉफी मैच देखने के लिए पुलिस को चकमा देकर चुपके से निकल गए थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि मैं रोजर बिन्नी को सेंचुरी बनाते देखने आया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं यहां खेलूंगा, या इंडियन कैप भी पहनूंगा। किस्मत ने पलटा खाया, कुंबले के अपने रणजी डेब्यू में भी बिन्नी कप्तान थे, यह एक ऐसे करियर की शानदार शुरुआत थी जिसने इंडियन स्पिन के एक युग को तय किया। उन्होंने स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया, जहां क्रिकेट का हर सबक सीखा गया-एज-ग्रुप मैचों की मुश्किलों से लेकर रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की तेज़ी तक। उन्होंने कहा कि यहीं पर मैंने मुकाबला करना, लीड करना और सपने देखना सीखा। स्टैंड्स ने गर्व, दिल टूटना और ऐसे यादगार पल देखे हैं जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। कुंबले ने उन महान खिलाड़ियों को याद किया जिनके नाम अब पवेलियन में सजे हैं। राहुल द्रविड़, शांता रंगास्वामी, जवागल श्रीनाथ और डा. थिम्मापैय्या। उन्होंने कहा कि ए वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटक क्रिकेट को बनाया है, और उनके नाम पत्थर पर खुदे देखना बहुत दिल को छू लेने वाला है। अपनी पर्सनल खास बातों पर बात करते हुए, कुंबले ने 2007 के टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कप्तानी, 1996 में सचिन तेंदुलकर के साथ टाइटन कप जीतना और 1995-96 में कप्तान के तौर पर रणजी ट्रॉफी उठाना याद किया। वह मुश्किल पलों से भी पीछे नहीं हटे, पाकिस्तान के खिलाफ 1996 के वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल के टेंशन को याद करते हुए, उस प्रेशर को ष्ऐसा बताया जैसा मैंने पहले कभी नहीं झेला।

# आयरलैंड ने ओमान को हराया

**कोलंबो, वार्ता।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुए। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाए। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए हो बुमराह का इस्तेमाल : संजय बांगर



● **कहाः पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते है, खासकर पाक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में बदलावों को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने स्पिन अटैक को और मजबूत करेगा क्योंकि जब उन्होंने 50 ओवर की चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तो उन्होंने चार स्पिनरों का इस्तेमाल किया था। इसे देखते हुए, भारत को साफ तौर पर लगता है कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों को स्पिन का सामना करने में परेशानी हो सकती है। इसलिए, मैं निश्चित रूप से एक सीमर की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन करूंगा, और वह सीमर अर्शदीप सिंह होना चाहिए।

उन्होंने स्पिन खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को हो रही दिक्कत के सवाल पर कहा कि हां, इस विश्वकप के पहले दो मैचों में, भारत ने बीच के ओवरों में स्पिन के कारण विकेट गंवाए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि वे पहले बल्लेबाजी कर रहे थे और उनसे 200-220 रन से अधिक बनाने की उम्मीद थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में, मुझे लगता है कि वे हालात को बेहतर तरीके से समझेंगे। बड़े मैदान पर उनका शॉट चयन थोड़ा अलग हो सकता है।

# मुचोवा-म्बोको में होगा खिताबी मैच



● **इस जीत ने कैरोलिना मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया**



● **विक्टोरिया म्बोको ने एलेना ओस्टापेंको को 6-3 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की**

**दोहा, वार्ता।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को एलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचीं। मुचोवा, जिनका एकमात्र डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स टाइटल 2019 में सोल में आया था, शनिवार को पहली बार म्बोको का सामना करेंगी। कैनेडियन का अगले हफ्ते टॉप 10 में आना पक्का है।

# ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय टीम

● **दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी भारतीय महिला टीम**



**सिडनी, वार्ता।** भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है। अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस 'वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा कि हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़ीटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की 'स्लीपिग जायंट' मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद

■ प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी। बीएसएफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आरएस पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया। शनिवार सुबह तलाशी के दौरान नई बस्ती करोताना स्थित गेहूं के खेत से पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए। बरामद सामग्री के पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना हुआ



■ ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं: ईरानी विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रायटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका का यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हार्नेट फाइटर जेट और ई-2 हाकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता। ट्रम्प ने फरवरी की शुरुआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

### यूरेनियम संवर्धन समझौते का मुद्दा नहीं: ईरान

**ईरान** को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। अमेरिकी जंगी जहाज यूएसै अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान

## बीएनपी अध्यक्ष ने कहा: आज से सभी आजाद, लोगों ने मुश्किलें उठाकर लोकतंत्र का रास्ता बनाया



■ भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। रिजल्ट चाहे जो भी रहे हों, सभी पार्टियों को बधाई। तारिक ने कहा कि लोकतांत्रिक सिस्टम में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं। अगर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं, तो देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। आखिर में उन्होंने चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण की प्रोसेस हिस्सा लेने और सुझाव देने की अपील की। बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल की। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। चुनाव परिणाम के बाद तारिक रहमान ने शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा की और अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। तारिक रहमान पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। उन्होंने 1988 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जाइन की। 2001 के चुनाव में संगठनात्मक काम से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 2006 के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और 2007 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। 2008 में इलाज के लिए वे लंदन चले गए और करीब 17 साल तक देश से बाहर रहे। इस दौरान वे पार्टी के सीनियर उपाध्यक्ष और बाद में कार्यकारी अध्यक्ष बने। उन पर कई मामले दर्ज हुए, लेकिन बाद में अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया। पिछले साल वे बांग्लादेश लौटे और मां के निधन के बाद पार्टी की कमान संभाली। हालिया चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान अब देश के प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बन गए हैं।

### पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत

**ढाका।** बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए। इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं। ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे।

### बांग्लादेश में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है। सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गईं और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है'। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर 'बेहद भयावह' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं-पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा कि अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया। सोशल मीडिया ट्रुथ पर ट्रम्प के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था। ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि 10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए और रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'सबसे कठिन' बताया।



श्रीनगर। शालीमार परिसर में एसकेयूएएसटी-के द्वारा आयोजित कृषि-तकनीक मेले 'गोंगुल' में एक उद्यमी पिरामिड के आकार के स्टॉल में कश्मीरी सेबों को सजाते हुए।

### रूस के साथ रिश्ते टूटने की वजह से फिनलैंड मुश्किल में है: कुजनेत्सोव

**हेलेंस्की।** फिनलैंड में रूस के राजदूत पावेल कुजनेत्सोव ने कहा है कि रूस के साथ संबंध टूटने के कारण फिनलैंड संकट का सामना कर रहा है। देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शून्य वृद्धि, तेजी से बढ़ता राज्य ऋण और बजट घाटा बहुत ज्यादा है। कुजनेत्सोव ने कहा कि फिनलैंड अपने आधुनिक इतिहास के सबसे कठिन दौर में से एक से गुजर रहा है।

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया: ट्रम्प

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: एक दिन सब पता चलेगा



■ अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।

हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इन्कार किया। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयार्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। अमेरिकी जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बाम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफार्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं: फेडरिक मर्ज

## जर्मन चांसलर मर्ज बोले: अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म



■ दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है, सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे

**म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कान्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। फेडरिक मर्ज ने जर्मनी के म्यूनिख में 13 से 15 फरवरी तक हो रहे म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा कि आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेगा आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उघन सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था।

# अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

■ स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है।

श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है। ईस्ट बे रीजनल पार्क डिस्ट्रिक्ट की मदद से लेक अंजा और बर्कले हिल्स के आस-पास के इलाकों में तलाश की कोशिशें की जा रही हैं। सामुदायिक और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रीनिवासैया का बैकपैक (जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप था) टिल्डेन रीजनल पार्क के पास एक घर के पास मिला, जिससे तलाश अभियान और तेज हो गई है।

# प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है ओ रोमियो



**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय सफर पर ले जाती है। आज ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 59 मिनट है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान यानि नाना पाटेकर के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उसकी असली वजह फिल्म के पहले हिस्से में पूरी तरह सामने नहीं आती। यहीं से कहानी में सस्पेंस पैदा होता है। उस्तरा और अफशां के बीच एक अजीब सा रिश्ता बनता है, जिसमें भरोसा भी है और शक भी। फिल्म का दूसरा हिस्सा इसी रिश्ते के असली मायने खोलता है। अफशां का मकसद, उस्तरा की कमजोरी और दोनों का अतीत जब सामने आता है, तब कहानी पूरी तरह रंग पकड़ती है। यही सस्पेंस फिल्म को साधारण गैंगस्टर कहानी बनने से रोकता है।

**एक्टिंग**- शाहिद कपूर ने उस्तरा के किरदार को बेहद असरदार तरीके से निभाया है। उनके चेहरे की खामोशी, आंखों का गुस्सा और एक्शन सीन में उनकी आक्रामकता किरदार को मजबूत बनाती है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां शाहिद बिना बोले ही भावनाएं जाहिर कर देते हैं। यह उनके करियर के बेहतरीन अभिनय में से एक माना जा सकता है। तृप्ति डिमरी अफशां के किरदार में चौंकाती हैं। पहले हिस्से में वह शांत और संयमित नजर आती हैं, लेकिन दूसरे हिस्से में जब उनके किरदार की परतें खुलती हैं, तब उनका आत्मविश्वास और आक्रोश साफ दिखाई देता है। शाहिद और तृप्ति के बीच की केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगती और कहानी को आगे बढ़ाती है।

विशाल भारद्वाज कहानी को जल्दबाजी में नहीं दौड़ाते। पहला हिस्सा जानबूझकर धीमा रखा गया है ताकि किरदारों की परतें तैयार हो सकें। यही तैयारी दूसरे हिस्से में काम आती है। जब कहानी अपने मोड़ लेती है, तब दर्शक भावनात्मक रूप से पहले से जुड़ा होता है। छायांकन मुंबई के उस दौर को जीवंत करता है। अंधेरे रंग, समुद्र का किनारा और तंग गलियां कहानी के मूड को मजबूत करती हैं। संपादन संतुलित है और पटकथा में भावनाओं, सस्पेंस और हिंसा के बीच तालमेल बना रहता है। संवाद कम हैं, लेकिन असरदार हैं। शाहिद कपूर का सधा हुआ और दमदार अभिनय दिखा है। शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच छुपा सस्पेंस दूसरे हिस्से की कहानी में खुलता है। संगीत और संवादों के बीच का संतुलन अच्छा है। फिल्म का पहला हिस्सा कुछ दर्शकों को धीमा लग सकता है, कुछ गैंगस्टर किरदार ज्यादा विस्तार मांगते हैं।

**फिल्म का संगीत**- फिल्म का संगीत कहानी के साथ बहता है। विशाल भारद्वाज का संगीत और गुलजार के बोल गानों को फिल्म का हिस्सा बनाते हैं, न कि अलग से जोड़ा गया तत्व। रोमांटिक गीतों में सादगी है और नृत्य गीतों में ऊर्जा। पृष्ठभूमि संगीत कई अहम दृश्यों में तनाव और भावनाओं को गहराता है।

**फाइनल वर्डिक्ट**- ओ रोमियो ऐसी फिल्म है जो धैर्य मांगती है और उसका इनाम भी देती है। अगर आप केवल तेज रफ्तार की उम्मीद लेकर जाएंगे, तो पहला हिस्सा भारी लग सकता है, लेकिन अगर कहानी और किरदारों में रुचि रखते हैं, तो दूसरा हिस्सा आपको बांध लेगा। शाहिद कपूर फिल्म को मजबूती से संभालते हैं और तृप्ति डिमरी उनके साथ बराबरी का असर छोड़ती हैं। विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की शैली इस फिल्म को खास बनाती है।

**अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज व शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाएगी।**

# कृतिका और गौरव ने शादी के लिए चुना सादगी भरा जश्न

**मुंबई।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण



तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नही, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी कभी भी बड़े स्तर का प्रदर्शन नही थी, बल्कि उसका महत्व ज़्यादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर घेर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।




# नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल-रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूजिक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे-जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बताया, यहां मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहां भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नही थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी। उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है।






# सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे ज्यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमा. शनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है। अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वही, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खढ़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

# रागिनी 3 में तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आएगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म रागिनी 3 का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे।

रागिनी 3 एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है।

यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनाभी है, जिन्होंने पहले वीरे दी वेडिग और फेडी जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में रागिनी 3 के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है।

तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थी। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नही होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है।

एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रागि. नी 3 पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नही दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।